जानकारी के अनुसार, मृत बाघिन के गले में रेडियो कॉलर लगा हुआ था। दो दिन पहले से उसका सिग्नल बंद हो गया था, जिससे वन विभाग की टीम सतर्क हुई। कॉलर की आखिरी लोकेशन के आधार पर जब टीम ने तलाश शुरू की, तो वह छिंदवाड़ा दक्षिण वन मंडल के देलाखेड़ी क्षेत्र स्थित सांगा खेड़ा गांव तक पहुंची। वहां एक गड्ढे में बाघिन का शव बरामद हुआ। इस खुलासे के बाद वन अमला, स्थानीय प्रशासन और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

वन विभाग की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बाघिन ने दो दिन पहले क्षेत्र में एक बैल का शिकार किया था। बताया जा रहा है कि बाघिन बार-बार उसी खेत की ओर लौट रही थी, जहां बैल का शव पड़ा था। इससे नाराज किसान ने बैल के बचे हुए अंगों पर यूरिया डाल दिया। बाघिन ने वही मांस खा लिया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। वन अधिकारियों का कहना है कि खेत में बैल मृत मिला और कुछ दूरी पर गड्ढे में बाघिन का शव मिला।


# भोपाल में मासूम पर तलवार से हमला: 6 साल की बच्ची घायल, अब हत्या के प्रयास का केस

### शाहजहांनाबाद में विवाद के बीच वार से बच्ची के सिर में गंभीर चोट; पुलिस ने बढ़ाई धाराएं, सीसीटीवी से आरोपियों की तलाश तेज

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के शाहजहांनाबाद इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां सड़क पर चल रहे विवाद के बीच 6 साल की मासूम बच्ची के सिर में धारदार हथियार से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अब एफआईआर में हत्या के प्रयास (हत्याप्रयास धारा) की धारा जोड़ दी है और आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही है। घायल बच्ची मिरल अहमद, जो किंडरगार्टन की छात्रा है, अपने माता-पिता के साथ दोपहिया वाहन से घर लौट रही थी। उसके पिता फैजान अहमद के अनुसार, वे अपनी पत्नी और बच्चों को शाहजहांनाबाद स्थित ससुराल से एयरपोर्ट रोड स्थित घर ले जा रहे थे।

रास्ते में जब वे शब्द प्रिंटिंग प्रेस के पास पहुंचे, तो वहां पहले से ही 70 से 80 लोगों के बीच विवाद चल रहा था। गली संकरी होने के



कारण उन्होंने यू-टर्न लेने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान वहां अचानक मारपीट शुरू हो गई। भीड़ में कुछ लोग लाठी-डंडों और तलवार जैसे धारदार हथियारों से लैस थे।

इसी हंगामे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने तलवार से जोरदार वार किया, जो सीधे मासूम मिरल के सिर पर लगा। वार इतना गंभीर था कि बच्ची के सिर में गहरी चोट आई और वह लहूलुहान हो गई। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना के बाद घबराए पिता किसी तरह बच्ची को लेकर मुख्य सड़क तक पहुंचे और पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल प्रशासन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच शुरू की।

शुरुआत में पुलिस ने मामला साधारण मारपीट की धाराओं में दर्ज किया था, लेकिन बच्ची की गंभीर स्थिति और घटना की प्रकृति को देखते हुए अब हत्या के प्रयास की धारा जोड़ दी गई है। थाना प्रभारी यूपीएस चौहान ने बताया कि आरोपियों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है, लेकिन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, घटना में शामिल लोग स्थानीय नहीं बल्कि बाहरी हो सकते हैं, जो किसी अन्य व्यक्ति पर हमला करने आए थे। इस दौरान उन्होंने न केवल मासूम को घायल किया, बल्कि इलाके में खड़े दो-तीन वाहनों में भी तोड़फोड़ की और फिर मौके से फरार हो गए।

पीड़ित परिवार ने बताया कि वे हमलावरों को नहीं जानते हैं, लेकिन सामने आने पर पहचान कर सकते हैं। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर ली है और आरोपियों की पहचान के लिए तकनीकी मदद भी ली जा रही है।

इस घटना ने शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। लोगों का कहना है कि खुलेआम हथियारों के साथ घूम रहे बदमाशों पर सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

विशेषज्ञों का मानना है कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में इस तरह के हिंसक विवाद बेहद खतरनाक हो सकते हैं, जिनमें निर्दोष लोग भी शिकार बन जाते हैं।

संपादकीय

# रिजर्व बैंक के लिए एक तरफ कुआं दूसरी तरफ खाई

## रुपया बचाएं या विदेशी मुद्रा

भारतीय रिजर्व बैंक इन दिनों गहरे संकट में फंस गया है। रिजर्व बैंक यदि रुपए को बचाने की कोशिश करता है तो ऐसी स्थिति में वह खाई में गिरने की स्थिति में आता है, विदेशी मुद्रा के भंडार को यदि वह रुपए के बचाने में उपयोग करता है तो गहरे कुएं में गिरना तय है। रिजर्व बैंक को समझ नहीं आ रहा है कि वह किस तरह से स्थिति को संभाले। इजरायल-अमेरिका और ईरान के युद्ध ने भारतीय रिजर्व बैंक को बड़ी मुसीबत में डाल दिया है। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत 94 रुपए के स्तर पर पहुंच गई है। कारोबारी उद्योग जगत तथा कच्चे तेल, गैस इत्यादि के आयात के लिए विदेशी मुद्रा की सबसे बड़ी आवश्यक्ता देश को है। रुपए को गिरने से रोकने के लिए पहले भी रिजर्व बैंक ने बहुत सारी विदेशी मुद्रा खर्च कर दी है। वर्तमान अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी मुद्रा भंडार भरा होना जरूरी है, लेकिन रिजर्व बैंक में इसकी स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। डॉलर की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। कच्चे तेल और गैस आयात को लेकर भी अतिरिक्त डॉलर की मांग बनी है। पहले रूस से जो कच्चा तेल और गैस आती थी उसका भुगतान डॉलर में नहीं होता था, लेकिन अब डॉलर के ऊपर सभी ओर से दबाव बढ़ता चला जा रहा है।

जिसके कारण रिजर्व बैंक के विदेशी मुद्रा भंडार के लिए चुनौतियां बढ़ती चली जा रही हैं। सरकार का दबाव डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत को गिरने से रोकना है। पिछले कई महीने से रिजर्व बैंक डॉलर और विदेशी मुद्रा भंडार के जरिए रुपए की गिरावट को रोक रहा था, लेकिन अब विदेशी मुद्रा भंडार इस स्थिति में आकर खड़ा हो गया है कि अब रिजर्व बैंक ने पर्याप्त मात्रा में विदेशी भंडार और डॉलर को नहीं रखा तो स्थिति और भी खराब हो जाएगी। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ महीने में डॉलर के मुकाबले रुपया 100 रुपये तक पहुंच सकता है। ऐसी स्थिति में देश की अर्थव्यवस्था को काफी बड़ा नुकसान होगा। कच्चे तेल और गैस का 60 फ़ीसदी से अधिक आयात इन दिनों डॉलर मुद्रा में हो रहा है। ईरान और रूस ने भी भारत को कच्चा तेल और गैस देना स्वीकार कर लिया है, लेकिन इसका भुगतान विदेशी मुद्रा में प्राप्त करने की शर्त लगा दी है। ऐसी स्थिति में रिजर्व बैंक को डॉलर और युआन का पर्याप्त भंडार बनाकर रखना होगा। यदि ऐसा नहीं हो पाया तो 1990 में जिस तरह से चंद्रशेखर सरकार को सोना गिरवी रखकर कच्चे तेल का आयात करना पड़ा था, वही स्थिति भविष्य में निर्मित हो सकती है। रिजर्व बैंक के आंकड़े बता रहे हैं की 13 मार्च तक उसके पास 710 अरब डॉलर का भंडार था, मार्च माह में विदेशी निवेशकों ने 12.01 अरब डॉलर जो भारतीय मुद्रा में लगभग 1.10 लाख करोड रुपए होता है वह निकाल लिया है। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा सोना, एसडीआर और आईएमएफ के जरिए प्राप्त होती है। विदेशी मुद्रा का भंडार अमेरिकी डॉलर यूरो, युआन और पाउंड पर निर्भर करता है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास विदेशी मुद्रा भंडार में 556 अरब डॉलर और 131 अरब डॉलर का सोना है। आरबीआई सोने को बेचता नहीं है, इस स्थिति में रिजर्व बैंक के पास डॉलर के मुकाबले रुपए में आ रही गिरावट को रोकने के लिए मात्र दो तरीके बचते हैं, पहला वह अपने विदेशी मुद्रा भंडार की मुद्राओं को बाजार में बेचे लेकिन इसका असर भारत की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। दूसरा ब्याज दरों को बढ़ाना पड़ेगा। इससे रुपए की गिरावट कुछ समय के लिए थम सकती है। लेकिन जिस तरह की स्थिति बनी हुई है विदेशी मुद्रा के रूप में विदेश से जो राशि रिजर्व बैंक में आती थी उसमें बड़ी गिरावट आई है। युद्ध के कारण जिस तरह की स्थिति है उसके बाद उसको थाम पाना रिजर्व बैंक के लिए आसान नहीं रहा।

डोनाल्ड ट्रंप जब अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे तब भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले 84 रुपए का था जो अब 94 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। पिछले 1 वर्ष में जिस तरह से अमेरिका ने भारत के ऊपर रुस से तेल और कच्चा तेल और गैस लेने पर प्रतिबंध लगाया था उसके बाद से भारत को सारा कच्चा तेल और गैस एवं अन्य सामग्री डॉलर में खरीदनी पड़ रही है, जिसके कारण विदेशी मुद्रा भंडार की स्थिति इन दिनों सबसे ज्यादा खराब है। रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय में आर्थिक विशेषज्ञों की कमी इस समस्या को और भी बढ़ा रही है। रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी तथा अन्य लोग जिस तरह के निर्णय ले रहे हैं, इसका असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था में पढ़ता हुआ दिख रहा है। रिजर्व बैंक में जो आर्थिक विशेषज्ञ हैं उनका मानना है कि यदि यही प्रवाह बना रहा तो 4 से 6 महीने के अंदर 1991 वाली स्थिति विदेशी मुद्रा को लेकर फिर आ सकती है, जिसके कारण भारत का अर्थ संकट बड़ी तेजी के साथ बढ़ेगा।

**सनत जैन**

राज काज

### पश्चिम बंगाल में पिता और पुत्र चुनाव मैदान में ?

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अर्जुनसिंह को नोआपारा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है।उनके बेटे पवन सिंह को भाटपारा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा परिवारवाद का विरोध करती है। एक ही चुनाव में बाप-बेटे को टिकट देकर भाजपा ने नियमों को ताक पर रख दिया है। कहते हैं, नियम बनते ही तोड़ने के लिए हैं। 75 साल का फार्मूला सभी को याद है। उस नियम से कितने नेताओं की राजनीति खत्म हो गई। नियम सुविधा के लिए बनाए जाते हैं।इसे बीजेपी से अच्छा कोई नहीं जानता है।

### बंगाल के चुनाव मैदान में भाजपा के बड़े-बड़े चेहरे ?

पश्चिम बंगाल के चुनाव में भाजपा ने शुभेंदु अधिकारी को दो सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। दिलीप घोष को भी चुनाव मैदान में उतारा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री निशथ प्रमाणिक तथा पूर्व सांसद, अभिनेत्री रूपा गांगुली (महाभारत सीरियल) से अपनी पहचान बनाई थी। इन सभी को पश्चिम बंगाल के चुनाव मैदान में उतारा है।रही सही कसर बाप-बेटे को टिकट देकर भाजपा ने बता दिया है। चुनाव जीतना सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियम बनते और बिगड़ते रहते हैं। यह तो महाभारत में भी हो चुका है जब धर्म और धर्म की लड़ाई हो रही थी।

### ट्रंप की धमकी का असर शेयर बाजार पर?

अमेरिका- इजरायल का ईरान से युद्ध चल रहा है. इस युद्ध में सबसे बड़ी खास बात यह है, ट्रंप जो बयान देते हैं. इसका असर शेयर बाजार में तुरंत देखने को मिलता है. ट्रंप ने ईरान को धमकी दी,उसके बाद दुनिया भर के शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखने को मिली निवेशकों के लाखों करोड़ों रुपए डूब गए। इसके बाद ट्रंप ने युद्ध बंद करने और समझौते की पेशकश की। उसके बाद दुनिया भर के शेयर बाजारों में बड़ी तेजी देखने को मिली। निवेशकों ने लाखों करोड़ों रुपए कमा लिए। शेयर मार्केट में इसे इनसाइडर ट्रेडिंग कहा जाता है। कहा जाता है कि ट्रंप ने इसमें भी बहुत बड़ी कमाई कर ली। बड़े लोगों की बड़ी बातें होती हैं, उन्हें समझना हर किसी के बस की बात नहीं होती है।

### मतदाताओं के नाम काटने एसआईआर ?

कांग्रेस के नेता पी चिदंबरम ने कहा है,देश भर के विभिन्न राज्यों में चुनाव आयोग द्वारा जो एसआईआर कराया जा रहा है। वह वास्तव में मतदाताओं के नाम काटने की प्रक्रिया है।उन्हीं मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, जो एक धर्म विशेष के हैं, या एक निश्चित विचारधारा के हैं। उन्होंने आंकड़ों के साथ स्पष्ट किया। बिहार में 6 फ़ीसदी छत्तीसगढ़ में 12 फ़ीसदी केरल में 3.5 फ़ीसदी मध्य प्रदेश में 6 फ़ीसदी राजस्थान में 6 फ़ीसदी तमिलनाडु में 12 फ़ीसदी मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। युवा आबादी में जब इतनी बड़ी संख्या में नाम मतदाता सूची से अलग किया जा रहे हैं।

# जलवायु परिवर्तन: भविष्य नहीं, वर्तमान का महाविनाशकारी संकट



ललित गर्ग

आज मानव सभ्यता जिस सबसे बड़े संकट के सामने खड़ी है, वह युद्ध, महामारी या आर्थिक मंदी नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन है। दुनिया आज जलवायु संकट के ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां हर नया आंकड़ा खतरे की घंटी बनकर सामने आ रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ताजा रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि 2015-2025 का दशक अब तक का सबसे गर्म दौर रहा है। यह केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि पृथ्वी के बदलते स्वभाव का गंभीर संकेत है। रिपोर्ट बताती है कि ग्रीनहाउस गैसों का स्तर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है और पृथ्वी का एनर्जी इम्बैलेंस लगातार बढ़ रहा है। महासागर, जो जलवायु संतुलन के सबसे बड़े नियंत्रक माने जाते हैं, अब 90 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त गर्मी सोख रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि पृथ्वी का तापमान केवल हवा में ही नहीं, जल और भूमि के भीतर भी बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन अब धीरे-धीरे आने वाली समस्या नहीं रही, बल्कि यह वर्तमान का संकट बन चुका है।

दुनिया के अनेक हिस्सों में असामान्य गर्मी, बाढ़, सूखा, चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रति का संतुलन बिगड़ रहा है और मौसम का मिजाज अनिश्चित होता जा रहा है। कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़ आ रही है तो कहीं महीनों तक बारिश नहीं हो रही। यह असंतुलन सीधे-सीधे मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इस बदलते मौसम ने सबसे ज्यादा मनुष्य के स्वास्थ्य पर हमला किया है। भारत के संदर्भ में यह संकट और भी गंभीर रूप लेता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के अनेक शहरों में तापमान 48 से 50 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि पहले 45 डिग्री को ही अत्यधिक गर्मी माना जाता था। अब असामान्य गर्मी ने फरवरी और मार्च जैसे महीनों को भी झुलसाना शुरू कर दिया है। हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ रही हैं। इसका असर केवल स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि बिजली, पानी, खेती, श्रम, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी ने केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि वन्यजीव, पेड़-पौधे और सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को भी संकट में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के पीछे सबसे बड़ा कारण मानव का विकास मॉडल है। कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पृथ्वी को लगातार गर्म कर रहा है। आज वैश्विक तापमान लगभग एक लाख 25 हजार वर्षों के उच्चतम स्तर के आसपास पहुंच चुका है। यह स्थिति बताती है कि समस्या प्रकृति में नहीं, बल्कि मानव की जीवनशैली और विकास की दिशा में है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां इस संकट को और अधिक खतरनाक बना रही हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध की स्थितियां बनी हुई हैं। युद्ध केवल मानव जीवन और अर्थव्यवस्था को ही नष्ट नहीं करते, बल्कि पर्यावरण को भी गहरा नुकसान पहुंचाते हैं। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक, रसायन, धातु, ईंधन और आग से वातावरण में भारी मात्रा में जहरीली गैसें फैलती हैं। तेल भंडारों में आग, रासायनिक संयंत्रों का नष्ट होना और सैन्य गतिविधियां वातावरण में कार्बन उत्सर्जन को कई गुना बढ़ा देती हैं।

इस प्रकार युद्ध और जलवायु परिवर्तन मिलकर पृथ्वी को दोहरे संकट की ओर धकेल रहे हैं। भारत सहित दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत जिले किसी न किसी जलवायु जोखिम के दायरे में आ चुके हैं। हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। दूसरी ओर समुद्र का जलस्तर बढ़ने से मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे तटीय शहरों पर खतरा मंडरा रहा है। यदि समुद्र स्तर इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले दशकों में तटीय आबादी का बड़े पैमाने पर विस्थापन हो सकता है। यह केवल पर्यावरण संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट भी बन सकता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह स्पष्ट है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में तेजी से कटौती नहीं की गई, तो तापमान के नए-नए रिकॉर्ड टूटते रहेंगे और पृथ्वी रहने योग्य स्थान कम होती जाएगी। जल संकट, खाद्य संकट, स्वास्थ्य संकट और प्रवासन जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। दुनिया के अनेक वैज्ञानिक अब चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित नहीं किया गया, तो पृथ्वी का पारिस्थितिक संतुलन गंभीर रूप से बिगड़ सकता है।



# दो टूक- वैश्विक संकट के बीच मानवता की अंतिम सुरक्षा-रेखा है ऊर्जा संरक्षण

योगेश कुमार गोयल

आज जब विश्व एक बार फिर भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रहा है और ईरान, अमेरिका तथा इजरायल के बीच टकराव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है, तब ऊर्जा केवल विकास का साधन नहीं बल्कि अस्तित्व का प्रश्न बन चुकी है। तेल और गैस के दामों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और ऊर्जा स्रोतों पर बढ़ती निर्भरता ने पूरी दुनिया को यह सोचने पर विवश कर दिया है कि क्या आधुनिक सभ्यता ने अपनी बुनियाद अत्यधिक अस्थिर संसाधनों पर खड़ी कर दी है। इस परिप्रेक्ष्य में ऊर्जा संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं बल्कि मानवता की सुरक्षा का सबसे सरल, सस्ता और प्रभावी उपाय बनकर उभर रहा है। ऊर्जा आधुनिक जीवन का अभिन्न अंग है, चाहे वह उद्योगों की मशीनें हों, परिवहन के साधन हों, डिजिटल अर्थव्यवस्था हो या घरेलू जीवन की सुविधाएं किंतु विडंबना यह है कि जिस ऊर्जा पर हमारी प्रगति आधारित है, वही अब संकट का कारण बनती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की 'एनर्जी प्रोग्रेस रिपोर्ट 2024' के अनुसार आने वाले दशक में वैश्विक ऊर्जा मांग में लगभग 25 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है जबकि जीवाश्म ईंधनों के भंडार तेजी से सीमित होते जा रहे हैं।

ऐसे में यदि ऊर्जा संरक्षण और दक्षता को प्राथमिकता नहीं दी गई तो भविष्य में ऊर्जा संकट केवल आर्थिक चुनौती नहीं रहेगा बल्कि सामाजिक अस्थिरता और वैश्विक संघर्षों का कारण भी बन सकता है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य इस खतरे को और स्पष्ट करता है। पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव ने तेल आपूर्ति पर अनिश्चितता बढ़ा दी है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अस्थिर हो रही हैं। भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। दरअसल भारत अपनी कुल तेल आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में वैश्विक संकट का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई और आम नागरिक के जीवन पर पड़ता है। पैट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि केवल परिवहन लागत को नहीं बढ़ाती बल्कि खाद्य पदार्थों से लेकर निर्माण सामग्री तक हर क्षेत्र में महंगाई को जन्म देती है। इस परिप्रेक्ष्य में ऊर्जा संरक्षण राष्ट्रीय आर्थिक सुरक्षा का भी एक महत्वपूर्ण आधार बन जाता है। भारत तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था है और यहां ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की 'इंडिया एनर्जी आउटलुक 2024' रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी ऊर्जा उपभोक्ता अर्थव्यवस्था बन जाएगा। ऐसे में यदि ऊर्जा खपत को संतुलित नहीं किया गया तो विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखना कठिन हो जाएगा।

यही कारण है कि भारत ने ऊर्जा दक्षता और संरक्षण को अपनी नीति का केंद्रीय तत्व बनाया है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा लागू ऊर्जा संरक्षण अधिनियम और 'उजाला' जैसे कार्यक्रमों ने यह साबित किया है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिणाम दे सकते हैं। 36 करोड़ से अधिक एलईडी बल्बों का वितरण और उससे हुई 48 बिलियन यूनिट बिजली की बचत इस बात का प्रमाण है कि यदि नीति और जनभागीदारी साथ आएं तो ऊर्जा संरक्षण एक जनांदोलन बन सकता है। ऊर्जा संरक्षण का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह किसी नई तकनीक या बड़े निवेश पर निर्भर नहीं है बल्कि यह हमारे दैनिक व्यवहार में छोटे-छोटे बदलावों से ही संभव है।

सुविचार

अच्छा निर्णय अनुभव से प्राप्त होता है लेकिन दुर्भाग्यवश अनुभव का जन्म गलत निर्णयों से होता है।

**- रीटा माए ब्राउन**

खुशी केवल उन्हीं व्यक्तियों को प्राप्त होती है जो कि दूसरों को खुश करने के लिए प्रयासरत रहते है।

**- अज्ञात**

प्रसंगत

### सेवा ही सच्चा धन है

सबसे बड़ा धनकाशी के एक सेठ के दो बेटे थे। एक दिन सेठ की मृत्यु हो गई। क्रियाकर्म संपन्न हो जाने के बाद छोटे बेटे ने अपने बड़े भाई से कहा, 'भइया, जिस बक्से में पिताजी का सारा धन सुरक्षित है, उसे अब खोलना चाहिए।' तभी बड़ी बहू ने कहा, 'पहले यह तय कर लिया जाए कि किसके हिस्से में कितना धन आएगा।' इस पर छोटे भाई ने कहा, 'आप ही तय कर दीजिए।' बड़ी बहू ने कहा, 'तुम्हारे बड़े भाई ने पिताजी की सेवा सबसे अधिक की है इसलिए धन का बड़ा हिस्सा हमें मिलना चाहिए।' छोटी बहू बोली, 'यह कैसे हो सकता है, मैंने पिताजी की सेवा में रात-दिन एक किए। इसलिए धन का बड़ा भाग हमारा होगा।' बड़ी बहू ने कहा, 'आप ने तो उनका खाना पीना हराम कर दिया था। मेरे पति ही उनको जेब खर्च देते थे। कपड़े सिलवाते थे ।' छोटी बहू ने कहा, 'आप ने उन्हें हमेशा नौकरों की तरह समझा। उनकी चारपाई उस कोठरी में लगवा दी, जिसमें घर का कबाड़ रखा जाता है।' दोनों बहुओं में बहस जब बढ़ गई तो बड़े भाई ने कहा, 'तुम दोनों ने क्या तमाशा मचा रखा है। कोई सुनेगा तो क्या कहेगा। हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे पिताजी की आत्मा को दुख पहुंचे।' छोटे भाई ने इसका समर्थन किया और कहा, 'आप ईमानदारी से जो फैसला करेंगे, वह हमें स्वीकार होगा।

जरा हटके

# एआई तकनीक बदल रही पारंपरिक पशुपालन को

**वेलिंग्टन (ईएमएस)।** न्यूजीलैंड की हाल्टर नामक कंपनी ने ऐसा स्मार्ट कॉलर विकसित किया है, जो पारंपरिक पशुपालन को पूरी तरह बदल रहा है। इस एआई तकनीक से गायें खुद तय करती हैं कि उन्हें कब चरना है और कब दूध देने के लिए मिल्किंग शेड जाना है। यह सोलर-पावर्ड स्मार्ट कॉलर गाय के गले में लगाया जाता है, जिसमें जीपीएस, एआई और कई तरह के सेंसर लगे होते हैं। किसान को केवल एक मोबाइल ऐप इंस्टॉल करना होता है, जिसके जरिए वह गायों को निर्देश दे सकता है। ऐप के माध्यम से किसान वर्चुअल फेंस तैयार करता है, यानी बिना तार या बाड़ के ही चरागाह की सीमा तय कर दी जाती है। जब गायें इस सीमा के पास पहुंचती हैं तो कॉलर पहले बीप करता है, फिर वाइब्रेशन देता है और जरूरत पड़ने पर हल्का सुरक्षित शॉक सिग्नल भी देता है, जिससे वे वापस मुड़ जाती हैं। इस तकनीक की खासियत इसका 'कॉवरिथम' एआई सिस्टम है, जो गायों के व्यवहार को समझकर उन्हें ट्रेन करता है। कॉलर 24 घंटे गायों की लोकेशन ट्रैक करता है और उनकी सेहत पर नजर रखता है। यह रुमिनेशन (चबाने की प्रक्रिया), आराम, शरीर का तापमान और प्रजनन चक्र जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां रिकॉर्ड करता है। अगर कोई गाय बीमार होती है या हीट में आती है तो तुरंत ऐप पर अलर्ट मिल जाता है, जिससे समय रहते देखभाल संभव हो पाती है। दुनियाभर में इस तकनीक का तेजी से इस्तेमाल बढ़ रहा है। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका में 7 लाख से ज्यादा गायों पर यह सिस्टम लगाया जा चुका है। अकेले अमेरिका के 22 राज्यों में 2 लाख से अधिक गायें इस तकनीक से मैनेज की जा रही हैं।

आर्थिक रूप से भी यह तकनीक किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। किसान प्रति गाय करीब 5 से 8 डॉलर महीने का खर्च करते हैं, लेकिन इसके बदले उन्हें हर हफ्ते 20 से 40 घंटे की मजदूरी बचत मिलती है। साथ ही, पारंपरिक फेंसिंग पर होने वाला भारी खर्च भी बच जाता है, जो प्रति मील 15,000 से 40,000 डॉलर तक होता है।

फोटो ऑफ द डे




**मेक्सिको के वेराक्रूज़ में, मेक्सिकन नौसेना के सदस्य समुद्र तट से काले तार (तारकोल) के धब्बे साफ़ कर रहे हैं; स्थानीय लोगों को डर है कि वेराक्रूज़ और ताबास्को राज्यों में प्रदूषण के पहले संकेत मिलने के लगभग एक महीने बाद और भी कच्चा तेल बहकर किनारे पर आ सकता है।**

व्यंग

# आदमी रिपेयर सेंटर

अनूप शुक्ल

हमारा मोबाइल महीने भर से रिपेयरिंग के लिये 'मोबाइल अस्पताल' में भर्ती है। पानी चला जाने के चलते उसकी चार्जिंग होना बन्द हो गया था। अन्धा, गूँगा, बहरा हो गया है मोबाइल। रिपेयरिंग सेंटर वालों ने बताया कि चार्जिंग होने लगी, रोशनी भी आ गयी लेकिन आवाज अभी नदारद है। मदरबोर्ड बदलना पडेगा। हमने कहा- बदल दो। बताया गया कि रिपेयरिंग के पहले आधे पैसे जमा करवाने होंगे। हमें लगा कि मोबाइल न हुआ आईसीयू में भर्ती आदमी हो गया। आपरेशन तभी होगा जब एडवांस पैसा जमा करोगे। अस्पताल का डर होता होगा कि आदमी ठीक होकर फ़ूट लिया तो पैसे डूब जायेंगे। लेकिन मोबाइल के तो पैर नहीं है। रिपेयरिंग चार्ज से कई गुने ज्यादा का मोबाइल जमा है लेकिन आधा पैसा एडवांस में चाहिये।

खैर, गये। मोबाइल देखा। कमर में कागज बँधा था, पट्टी की तरह। आन किया तो सब डाटा, फोटो दिखे। लेकिन आवाज गोल। मोबाइल बेचारा न बोल पा रहा था न सुन पा रहा था। लेकिन ऐसा लग रहा था हमें यहाँ से ले चलो। हमने उसको प्यार से सहलाते हुये दिलासा दिया- 'ले चलेंगे बेटा, बस जरा ठीक हो जाओ।' ये तो हुई मोबाइल की बात। जो पार्ट खराब हुआ बदल दिया गया। फिर से टनाटन चलने लगेगा। बड़ी बात नहीं कल को आदमी की रिपेयरिंग भी इसी तरह होने लगे। आदमियों के भी रिपेयर सेंटर खुल जायें। आदमी रिपेयर सेंटर में हर अंग को बदलने की सुविधा होगी। आदमी मोटा हो गया लेकिन टाँगें पतली हैं तो टाँगें बदल जाएँगी। साँस की तकलीफ़ है, फेफड़े नये डाल देंगे। नजर कमजोर है, नई आँख लगवा लो। चेहरे पर दाग हैं, स्किन बदलवा लो। कोई महिला अपने बच्चे को ले जायेगी और कहेगी- 'भाई साहब बेटे को चीजें जल्दी याद नहीं होती। इसकी मेमोरी चिप बदल दो। 'पिता लोग अपनी बेटियों को जमा कराएँगे- ' इसके दिमाग से प्यार का भूत इरेज कर दो। खानदान की इज्जत का सवाल है।' मुकदमों में फँसे लोग अपने खिलाफ गवाह की मेमोरी चिप में अपने हिसाब से यादें ठेल देंगे। बच जायेंगे। कोई आदमी अपनी औरत के चेहरे की स्किन चमकदार करवाने के भर्ती करायेगा और बाद में फोन करके उसकी आवाज भी थोड़ा धीमे कर देना। चिल्लाती बहुत है। पैसे की चिन्ता न करो। मैं दे दूँगा।

कोई औरत अपने आदमी को लेकर आएगी - 'इनकी खाँसी ठीक ही नहीं हो रही। फेफड़े बदल दो।' अलग से कहेगी - 'भाई साहब इनकी मेमोरी फ़ाइल से इनकी प्रेमिका का नाम डिलीट कर दो। जब देखो तब उसी को पढ़ते रहते हैं।' कोई नेता सैकडों लोगों को लिये आयेगा और कहेगा- ' इनके दिमाग में हमारी पार्टी की विचारधारा और हमारे नेता की जयकार फ़ीड कर दो। चुनाव आने वाले हैं।' फिर तो स्कीम भी चलेंगी। पुराना आदमी लाओ, नया ले जाओ। आफ़र सीमित। भुगतान किस्तों में। एक्सीडेंट में बहुत टूट फ़ूट हो गयी तो नया शरीर मिल जायेगा अस्पताल में। आदमियों की कास्टिंग , फ़ोरजिंग मौजूद होंगे अस्पतालों में। आदमी के हिसाब से शरीर की मशीनिंग हो जायेगी। मेमोरी और दीगर चीजें चिप में कापी करके फ़िट कर दी जायेंगी।

चिंतन-मनन

# हनुमान से सीखें संस्कार

दूसरे का मान रखते हुए हम सम्मान अर्जित कर लें, इसमें गहरी समझ की जरूरत है। होता यह है कि जब हम अपनी सफलता, सम्मान या प्रतिष्ठा की यात्रा पर होते हैं, उस समय हम इसके बीच में आने वाले हर व्यक्ति को अपना शत्रु ही मानते हैं। महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए मनुष्य सारे संबंध दांव पर लगा देता है। आज के युग में महत्वाकांक्षी व्यक्ति का न कोई मित्र होता है, न कोई शत्रु। उसे तो सिर्फ अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति करनी होती है। हर संबंध उसके लिए शस्त्र की तरह हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो दूसरे की भावनाओं, रिश्ते की गरिमा और सबके मान-सम्मान को ध्यान में रखकर अपनी यात्रा पर चलते हैं। हनुमानजी उनमें से एक हैं। सुंदरकांड में एक प्रसंग है। हनुमानजी और मेघनाद का युद्ध हो रहा था। मेघनाद बार-बार हनुमानजी पर प्रहार कर रहा था, लेकिन उसका नियंत्रण बन नहीं रहा था। तब उसने हनुमानजी पर ब्रह्मास्त्र का प्रहार किया। हनुमानजी को भी वरदान था कि वह किसी अस्त्र-शस्त्र से पराजित नहीं होंगे। उनका नाम बजरंगी इसीलिए है कि वे वज्रांग हैं। जिसे कह सकते हैं स्टील बॉडी। जैसे ही शस्त्र चला, हनुमानजी ने विचार किया और तुलसीदासजी ने लिखा - ब्रह्मास्त्र तेहि सांधा कपि मन कीन्ह बिचार। जौं न ब्रह्मसर मानउं महिमा मिटइ अपार।। अंत में उसने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया, तब हनुमानजी ने मन में विचार किया कि यदि ब्रह्मास्त्र को नहीं मानता हूं तो उसकी अपार महिमा मिट जाएगी।

स्वास्थ्य

# भ्रामरी प्राणायाम मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** हैल्थ विशेषज्ञों के अनुसार, दिन की शुरुआत कुछ मिनट शांत श्वास अभ्यास से की जाए, तो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों में सुधार लाया जा सकता है। इसी कड़ी में भ्रामरी प्राणायाम एक सरल लेकिन बेहद प्रभावी प्राणायाम माना जाता है। भ्रामरी प्राणायाम को अंग्रेजी में 'हमिंग बी ब्रीदिंग' कहा जाता है। इस अभ्यास में सांस छोड़ते समय भंवरे जैसी गूंजती ध्वनि निकाली जाती है, जिससे मन जल्दी शांत होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसका नाम 'भ्रमर' यानी काले रंग की मधुमक्खी से लिया गया है, क्योंकि इसमें उत्पन्न ध्वनि उसी के गुंजन जैसी होती है। यह प्राणायाम योग की उन्नत विधियों में शामिल 'अष्ट कुंभक' का हिस्सा है, जिसका उल्लेख प्राचीन ग्रंथ हाथा योग प्रदिपीका में मिलता है। अष्ट कुंभक में आठ विशेष प्रकार के प्राणायाम बताए गए हैं, जिनका उद्देश्य शरीर की सूक्ष्म ऊर्जा को जागृत करना और श्वसन प्रणाली को मजबूत बनाना है। मिनिस्ट्री ऑफ आयुष के अनुसार भ्रामरी प्राणायाम मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह न केवल वयस्कों बल्कि बच्चों के लिए भी उपयोगी माना जाता है। मंत्रालय के मुताबिक, इस प्राणायाम से उत्पन्न होने वाली ध्वनि मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र पर सकारात्मक प्रभाव डालती है, जिससे तनाव, चिंता और क्रोध जैसी समस्याओं में कमी आती है।

# होर्मुज ब्लॉकेड के बाद अब तेल का नया संकट, रूस ने पेट्रोल एक्सपोर्ट पर लगा दिया प्रतिबंध

**मॉस्को।** दुनिया भर में गहराते ऊर्जा संकट और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच रूस ने एक महत्वपूर्ण रणनीतिक निर्णय लिया है। रूस सरकार ने देश से पेट्रोल (गैसोलीन) के निर्यात पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 1 अप्रैल से पेट्रोल निर्यात पर रोक लगाने का औपचारिक प्रस्ताव तैयार किया जाए। सरकारी अनुमानों के अनुसार, यह कड़ा प्रतिबंध 31 जुलाई तक प्रभावी रह सकता है। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच अपनी घरेलू अर्थव्यवस्था को सुरक्षित रखना है।



रूस का यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को हिला कर रख दिया है। उप प्रधानमंत्री नोवाक ने स्वीकार किया कि पश्चिम एशिया के युद्ध के कारण कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में रूसी ऊर्जा संसाधनों की मांग अभी भी काफी मजबूत बनी हुई है, लेकिन सरकार ने बाहरी लाभ के बजाय घरेलू जरूरतों और नागरिकों को राहत देने को प्राथमिकता दी है। इस प्रतिबंध के पीछे रूस का पिछला कड़वा अनुभव भी एक बड़ी वजह है। बीते वर्ष रूस के कई हिस्सों और उसके नियंत्रण वाले इलाकों में पेट्रोल की भारी किल्लत देखी गई थी। उस समय रिफाइनरियों पर हुए अचानक हमलों और मांग में अप्रत्याशित वृद्धि ने स्थिति को अनियंत्रित कर दिया था। उस संकट से सबक लेते हुए इस बार प्रशासन ने पहले ही एहतियाती कदम उठाने का फैसला किया है। रूस का मानना है कि देश में फिलहाल कच्चे तेल की प्रोसेसिंग स्थिर है।



चीन को मिली बड़ी कामयाबी, अब 500 किमी दूर ही राफेल और एफ-35 को कर सकता है ध्वस्त।

# हिजबुल्लाह ने लितानी नदी की ओर बढ़ रहे इजराइली सैनिकों पर किए कई हमले

**तेहरान।** हिजबुल्लाह संगठन ने दावा किया है कि उसने सीमा पार कर लेबनानी क्षेत्र में आगे बढ़ रहे इजराइली सैनिकों पर कई हमले किए। समूह के मुताबिक मरजायौन जिले के अल-कंतारा इलाके में तलाब के पास दो इजराइली टैंकों को निशाना बनाया गया। हिजबुल्लाह ने यह भी कहा कि तैयबेह इलाके के पास लितानी नदी की ओर बढ़ रहे इजराइली सैनिकों पर रॉकेट, तोप और ड्रोन से हमले किए गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजराइल ने पहले ही चेतावनी दी है कि वे लेबनान के अंदर लितानी नदी तक कब्जा कर सकते हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल की सेना ने बताया है कि यमन से एक मिसाइल दागी गई है, जिसे उनकी रक्षा प्रणाली ने ट्रैक किया। सेना के मुताबिक इस मिसाइल को रोकने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिया है और लोगों को खतरे को लेकर अलर्ट किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह पहली बार है जब मौजूदा युद्ध में यमन से इजराइल की ओर मिसाइल दागे जाने की पुष्टि हुई है। माना जा रहा है कि यह हमला यमन के हूती समूह की ओर से हो सकता है, जो ईरान समर्थित है। इस घटनाक्रम से संकेत मिलते हैं कि संघर्ष अब और ज्यादा देशों तक फैल सकता है और क्षेत्रीय तनाव बढ़ सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक लेबनान में इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष और तेज हो गया है। हिजबुल्लाह का दावा है कि उसने बेरूत के ऊपर उड़ रहे एक इजराइली लड़ाकू विमान पर मिसाइल दागी। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों में हिजबुल्लाह ने इजराइली सैनिकों के खिलाफ 82 ऑपरेशन करने का दावा किया है, जिनमें सीमा के अंदर और पार दोनों जगह हमले शामिल हैं। इजराइल की सेना ने कहा है कि यमन से दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल को उसकी एयर डिफेंस प्रणाली ने रोक लिया। यह मिसाइल ईरान समर्थित हूती समूह की ओर से दक्षिणी इजराइल की तरफ दागी गई थी। हमले में किसी के घायल होने या नुकसान की खबर नहीं है।

ईरान स्थित ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी को अमेरिका-इजराइल के हमलों के दौरान निशाना बनाया गया है।

## ईरान के हैकर्स ने एफबीआई निदेशक काश पटेल का निजी ईमेल हैक किया, निजी जानकारी लीक!

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर बड़े साइबर हमले ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। ईरान समर्थक बताए जा रहे एक हैकिंग समूह ने संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक काश पटेल के निजी ईमेल अकाउंट में सेंध लगाने का दावा किया है। इस समूह ने न केवल हैकिंग की बात कही है, बल्कि पटेल से जुड़ी कुछ गोपनीय जानकारी और ईमेल ऑनलाइन साझा भी कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, लीक हुए डेटा की समीक्षा में यह बात सामने आई है कि इसमें पटेल की यात्राओं का विवरण, वॉशिंगटन में लीजिंग एजेंट्स के साथ हुई बातचीत और ग्लोबल एंट्री व लॉयल्टी अकाउंट नंबर जैसी संवेदनशील निजी जानकारी शामिल है।

हैकर्स जिस ईमेल आईडी को निशाना बनाने का दावा कर रहे हैं, वह पहले भी पटेल की निजी पहचान और आधिकारिक गतिविधियों से जुड़ी रही है। लीक फाइलों में काश पटेल की व्यक्तिगत तस्वीरें और उनके परिवार के सदस्यों व करीबियों के साथ किए गए संवाद भी मौजूद हैं। इस मामले पर आधिकारिक बयान जारी करते हुए एफबीआई ने स्वीकार किया है कि उसे निदेशक पटेल के निजी ईमेल को निशाना बनाए जाने की जानकारी है। हालांकि, एजेंसी ने स्पष्ट किया कि लीक की गई जानकारी काफी पुरानी है और इसमें किसी भी प्रकार की सरकारी या आधिकारिक सूचना शामिल नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह हमला अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का परिणाम हो सकता है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि सार्वजनिक हस्तियों को निशाना बनाकर उन्हें शर्मिंदा करना इस तरह के समूहों की पुरानी रणनीति रही है।

## ईरान-अमेरिका युद्ध- सऊदी अरब के सैन्य बेस पर बड़ा हमला, 12 अमेरिकी सैनिक घायल

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी भीषण संघर्ष को एक महीना पूरा होने पर तनाव चरम पर पहुंच गया है। शुक्रवार को ईरान ने सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस को निशाना बनाकर एक बड़ा हमला किया, जिससे अमेरिकी खेमे को भारी क्षति पहुंची है। सैन्य सूत्रों के अनुसार, इस हमले में कम से कम 12 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से दो की स्थिति अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। हमले के समय ये सैनिक बेस के भीतर एक रणनीतिक भवन में मौजूद थे।

यह हमला मिसाइलों और उन्नत ड्रोनों के जरिए किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कम से कम एक मिसाइल सीधे एयरबेस के मुख्य परिसर पर गिरी, जबकि कई ड्रोनों ने तकनीकी उपकरणों को निशाना बनाया। इस स्ट्राइक में अमेरिकी रीफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट (ईंधन भरने वाले विमान) को भी काफी नुकसान पहुंचा है। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर यह दूसरा बड़ा हमला है।



ऑस्ट्रेलिया समेत चार टीमों की मेजबानी करेगा भारत।

# आईपीएल 2026 में कोहली पड़ेंगे भारी? आकाश चोपड़ा ने धोनी-रोहित पर भी रखी अपनी राय

**नई दिल्ली।** आकाश चोपड़ा का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में विराट कोहली, एमएस धोनी और रोहित शर्मा की तुलना में ज्यादा प्रभावशाली प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कोहली की फिटनेस और निरंतरता को उनकी सबसे बड़ी ताकत बताया है। आकाश चोपड़ा ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान कहा कि विराट कोहली की फिटनेस उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाती है। उन्होंने याद दिलाया कि आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को खिताब दिलाने में कोहली की भूमिका बेहद अहम रही थी। कोहली ने उस सीजन में 15 मैचों में 657 रन बनाए थे और आठ अर्धशतक जड़े थे, जो उनकी शानदार फॉर्म का प्रमाण है।



चोपड़ा के मुताबिक, कोहली जब एक बार लय पकड़ लेते हैं तो लगातार रन बनाते हैं। साथ ही, सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने से उन्हें पारी की शुरुआत से ही समय मिलता है, जिससे वह खुद को बेहतर तरीके से सेट कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यही बात रोहित शर्मा पर भी लागू होती है, लेकिन मौजूदा समय में कोहली की निरंतरता उन्हें बढ़त दिलाती है। वहीं एमएस धोनी को लेकर चोपड़ा ने कहा कि उनके लिए आईपीएल 2026 में अच्छा प्रदर्शन करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। धोनी की उम्र 40 साल से अधिक हो चुकी है और लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद सीधे आईपीएल में उतरना आसान नहीं होता। इसके अलावा, निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए उन्हें बहुत कम गेंदें खेलने का मौका मिलता है और विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी निभानी होती है, जिससे उनका काम और कठिन हो जाता है।

रोहित शर्मा को लेकर चोपड़ा ने कहा कि उनसे एक बार फिर आक्रामक शुरुआत की उम्मीद रहेगी। मुंबई इंडियंस के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को देखते हुए रोहित की भूमिका पावरप्ले में टीम को तेज शुरुआत देने की होगी।

## विराट के अलावा आरसीबी से सबसे अधिक मैच खेलने वालों में दो विदेशी भी शामिल

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब विराट कोहली ने आरसीबी की ओर से सबसे अधिक मैच खेले हैं। कोहली ने साल 2023 तक आरसीबी की कप्तानी करन के साथ ही कुल 143 मैच खेले। विराट के अलावा जिन खिलाड़ियों ने आरसीबी की ओर से सबसे अधिक मैच खेले है उनमें दो विदेशी खिलाड़ी फाफ डु प्लेसिस और डेनियल विटोरी भी शामिल हैं।

फाफ डु प्लेसिस - साल 2022 से 2024 के बीच डु प्लेसिस ने 42 मुकाबलों में आरसीबी की कप्तानी करते हुए 21 जीते और इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। गंवाए।

डेनियल विटोरी- न्यूजीलैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी ने साल 2011 से 2022 के बीच कुल 22 मुकाबलों में आरसीबी की कप्तानी की। इस दौरान 12 मैच जिताए और 10 मुकाबलों में टीम को हार का सामना करना पड़ा।

अनिल कुंबले- दिग्गज स्पिनर ने साल 2009 से 2010 के बीच 26 मुकाबलों में आरसीबी की कमान संभाली। इस दौरान टीम ने 15 मैच जीते, जबकि 11 मुकाबलों को गंवा दिया।

राहुल द्रविड़- यह खिलाड़ी आईपीएल इतिहास में आरसीबी का पहला कप्तान रहा, जिन्होंने सिर्फ साल 2008 में इस टीम की कमान संभाली। इस दौरान 14 में से सिर्फ 4 ही मैच टीम को जिता सके। 10 मुकाबलों में टीम को हार झेलनी पड़ी।

## धोनी आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर हुए




**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों से बाहर हो गये हैं। धोनी के बाहर होने से टूर्नामेंट शुरु होने से पहले ही सीएसके की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। इसका कारण है कि धोनी टीम का हौंसला बढ़ाने के साथ ही उसे मार्गदर्शन भी देते रहे हैं। वह पिंडली में आये खिंचाव के कारण अभी रिहैबिलिटेशन के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में उनका शुरुआत से खेलना संभव नहीं है। सीएसके का मैच 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स से होगा। इसमें टीम को उनकी कमी खलेगी।

धोनी के बाहर होने से साफ है कि अब सैमसन उनकी जगह पर विकेटकीपर रहेंगे। सीएसके अपना पहला मुकाबला सोमवार को राजस्थान रॉयल्स ये खेलेगी। उसे पहले दो सप्ताह में पंजाब किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स से भी खेलना है। धोनी के नहीं होने से विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अब विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

इस सत्र से पहले सैमसन को सीएसके ने ट्रेड डील के जरिये हासिल किया था। अब वह कप्तान रितुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरुआत भी करेंगे। धोनी ने पिछले साल सभी मैच खेले थे हालांकि वह घुटने की परेशानी क कारण निचले क्रम पर उतरे थे। ऐसे मे उन्हें काफी कम गेंदें खेलने को मिलती है।

## वनडे क्रिकेट की पहली हैट्रिक: जलालुद्दीन ने रचा था इतिहास



**नई दिल्ली।** साल 1971 में एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरुआत हुई थी और तब से इस फॉर्मेट में कई बदलाव देखने को मिले हैं। समय के साथ बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में नए-नए कीर्तिमान बने, लेकिन कुछ रिकॉर्ड ऐसे होते हैं जो हमेशा इतिहास के पन्नों में दर्ज रहते हैं। ऐसा ही एक खास रिकॉर्ड है हैट्रिक लेने का, जो किसी भी गेंदबाज के लिए बेहद बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

क्रिकेट में जब कोई गेंदबाज लगातार तीन गेंदों पर तीन विकेट हासिल करता है, तो उसे हैट्रिक कहा जाता है। यह न सिर्फ मैच का रुख बदलने वाला पल होता है, बल्कि गेंदबाज के करियर का भी एक यादगार क्षण बन जाता है। वनडे क्रिकेट में पहली हैट्रिक का रिकॉर्ड जलालुद्दीन के नाम दर्ज है।

पाकिस्तान के इस तेज गेंदबाज ने साल 1982 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की थी। उस मुकाबले में जलालुद्दीन ने लगातार तीन गेंदों पर रॉड मार्श, ब्रूस यार्डली और ज्योफ लॉसन को आउट कर सनसनी मचा दी थी। उनकी इस शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने वह मैच 59 रन से जीत लिया था। जलालुद्दीन की यह हैट्रिक वनडे क्रिकेट के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई। इसके बाद से अब तक इस फॉर्मेट में कई गेंदबाजों ने हैट्रिक लेने का कारनामा किया है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले चार दशकों में वनडे क्रिकेट में 50 से ज्यादा बार हैट्रिक देखने को मिल चुकी है, लेकिन पहली हैट्रिक का गौरव हमेशा जलालुद्दीन के नाम ही रहेगा।

हालांकि, इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करने के बावजूद जलालुद्दीन का अंतरराष्ट्रीय करियर बहुत लंबा नहीं रहा। उन्होंने पाकिस्तान के लिए टेस्ट और वनडे मिलाकर कुल 14 मैच खेले, जिनमें 25 विकेट अपने नाम किए। वहीं, फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका प्रदर्शन बेहतर रहा।

## आईपीएल इतिहास में युवराज सिंह का अनोखा रिकॉर्ड, एक ही सीजन में दो हैट्रिक का कमाल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते रहे हैं, लेकिन गेंदबाजी में भी उन्होंने कई बार मैच का रुख बदला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट हो या इंडियन प्रीमियर लीग, जब भी उन्हें गेंद थमाई गई, उन्होंने अपनी उपयोगिता साबित की। ऐसा ही एक ऐतिहासिक कारनामा उन्होंने आईपीएल 2009 में किया, जो आज तक कोई दोहरा नहीं सका है। आईपीएल का दूसरा सीजन 2009 में खेला गया था, जिसमें युवराज सिंह पंजाब किंग्स (तब किंग्स इलेवन पंजाब) का हिस्सा थे। उस सीजन में उन्होंने बल्ले से भी अहम योगदान दिया और 2 अर्धशतकों की मदद से 340 रन बनाए। हालांकि, असली इतिहास उन्होंने अपनी गेंदबाजी से रचा।

## संक्षिप्त समाचार

### सफर के दौरान बालिका की मौत

**कटनी ( ब्यूरो )।** संघमित्रा एक्सप्रेस में सफर कर रही एक 15 वर्षीय बालिका की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतका की पहचान जमालपुर बिहार निवासी प्राची कुमारी शाह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार प्राची अपने परिजनों के साथ एस-5 कोच में सवार होकर घर लौट रही थी। यात्रा के दौरान अचानक उसकी स्थिति बिगड़ी और वह शिथिल हो गई। ट्रेन के कटनी स्टेशन पहुंचते ही रेलवे के डॉक्टरों ने उसकी जांच की, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि प्राची का हाल ही में एक ऑपरेशन हुआ था। प्राथमिक रूप से मौत का कारण ऑपरेशन के बाद उत्पन्न जटिलताओं को माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद स्टेशन पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### फर्जी सिम एक्टिवेशन गिरोह का पर्दाफाश

**कटनी ( ब्यूरो )।** डिजिटल अपराधों के इस दौर में एनकेजे पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। शासन की ओर से की गई एक महत्वपूर्ण कार्रवाई में पुलिस ने फर्जी तरीके से सिम कार्ड एक्टिवेट करने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को नामजद कर उनके खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेजों के इस्तेमाल का मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी बृजेश साहू पिता मुन्ना साहू निवासी हीरापुर कौड़िया और सतीश साहू पिता लखन लाल साहू निवासी ग्राम सिमरा पिछले काफी समय से फर्जी तरीके से सिम कार्ड एक्टिवेट करने के अवैध कारोबार में लिप्त थे। ये आरोपी निर्दोष लोगों के दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर या फर्जी तरीके अपनाकर छलपूर्वक सिम कार्ड चालू कर रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एनकेजे पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ पुरानी भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि इन फर्जी सिम कार्डों का इस्तेमाल कहीं किसी बड़े ऑनलाइन फ्रॉड या आपराधिक गतिविधियों में तो नहीं किया गया। आशंका जताई जा रही है कि इस गिरोह के तार अन्य बड़े नेटवर्क से भी जुड़े हो सकते हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि इस खेल में शामिल अन्य चेहरों को भी बेनकाब किया जा सके।

### बिना अनुमति विदेश की सैर, आरआई पर गिर सकती है अनुशासन की गाज

**कटनी ( ब्यूरो )।** रक्षित निरीक्षक राहुल पाण्डेय द्वारा बिना विभागीय अनुमति के थाईलैंड फुकेट की यात्रा करने का मामला सामने आया है। रक्षित निरीक्षक ने पुलिस मुख्यालय या सक्षम अधिकारी से पूर्व लिखित अनुमति लिए बिना विदेश की यात्रा की थी। जिस पर विभाग ने उनसे स्पष्टीकरण मांगा। आरआई ने अपने स्पष्टीकरण में स्वीकार किया कि वे आवेदन और आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर विदेश गए थे। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि पीएचयू से लिखित अनुमति प्राप्त होने के बाद ही विदेश यात्रा पर जाना अनिवार्य है। उन्होंने भविष्य में इस तरह की गलती न दोहराने की बात भी कही। पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय ने उनके इस तर्क को असंतोषजनक माना है। विभाग का मानना है कि रक्षित निरीक्षक जैसे वरिष्ठ पद पर तैनात अधिकारी, जिसके पास लंबा शासकीय सेवा का अनुभव है, उसका विभागीय नियमों सामान्य अवकाश एवं विदेश यात्रा संबंधी से अनभिज्ञता जताना तर्क संगत नहीं है। रक्षित निरीक्षक जैसे वरिष्ठ पद पर पदस्थ अधिकारी द्वारा दीर्घ शासकीय सेवा अनुभव के उपरांत भी सामान्य अवकाश एवं विभागीय नियमों की जानकारी न होना स्वीकार्य प्रतीत नहीं होता।

### पुलिस ने आयोजित की 'रन फॉर यूनिटी' साइकिल रैली

**दतिया।** मध्य प्रदेश के दतिया में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार को रन फॉर यूनिटी (साइकिल मैराथन) का आयोजन किया गया।

साइकिल रैली का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक दतिया सूरज कुमार वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली थाना कोतवाली से प्रारंभ होकर पीतांबरा पीठ मंदिर, बम-बम महादेव मंदिर एवं गल्ला मंडी मार्ग से होते हुए थाना सिविल लाइन पर समापन हुआ।

# मण्डी बामौरा में 120 लीटर अवैध शराब जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

### मण्डी बामौरा में घेराबंदी कर 3 आरोपी गिरफ्तार; 6.56 लाख का मसरूका बरामद, नशे के खिलाफ अभियान तेज

**सागर ( ब्यूरो )।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस चौकी मण्डी बामौरा, थाना आगासौद क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 120 लीटर अवैध देशी शराब सहित एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई है। इस दौरान मौके से 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव उईके और एसडीओपी बीना अजय सनकत के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। 27 मार्च 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आगासौद नितिन पाल ने टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस टीम ने मण्डी बामौरा स्थित अंशुल ढाबा के सामने घेराबंदी की। इस दौरान कुल्हार की ओर से आ रहे नीले रंग के सोनालिका ट्रैक्टर और ट्रॉली को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रॉली में बांस के नीचे छिपाकर रखी गई देशी मसाला मदिरा की 14 पेटियां बरामद हुईं, जिनमें कुल 120 लीटर शराब थी।



पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अवैध शराब जब्त कर ली। जब्त शराब की अनुमानित कीमत ?56,000 बताई गई है, जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली की कीमत करीब ?6 लाख आंकी गई है। इस प्रकार कुल ?6.56 लाख का मसरूका बरामद किया गया।

इस मामले में राजू उर्फ राजकुमार पटेल (कुशवाह) निवासी ग्राम खजरौद, राकेश अहिरवार निवासी मण्डी बामौरा और जीतेन्द्र अहिरवार निवासी सदर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई है।

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार जाटव सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों— सुशील सिंह चौहान, रमानीवास शुक्ला, ब्रजेश गेहलोत, रोहित विश्वकर्मा, नीरज राठौर, गजेन्द्र सिंह और सैनिक कैलाश दुबे की सराहनीय भूमिका रही।

सागर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि इस तरह की गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि नशामुक्त समाज के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

# लाल पहाड़ी में करोड़ों के जमीन घोटाले का आरोप, एनओसी निरस्त करने मांग

### पैट्रिक रॉबर्ट डन के नाम जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र पर खड़े हुए सवाल, कलेक्टर और आयुक्त तक पहुंची शिकायत

**कटनी ( ब्यूरो )।** शहर के बरगवां क्षेत्र में लाल पहाड़ी पर स्थित कीमती शासकीय भूमि को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें नगर पालिक निगम द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र पर सवाल खड़े किए गए हैं। कलेक्टर आशीष सिंह व नगरनिगम आयुक्त तपस्या परिहार से की गई शिकायत में इस एनओसी को फर्जी तथ्यों पर आधारित बताते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है। साथ ही मामले में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई है। शिकायत के अनुसार नगर निगम ने पीआर डन के नाम पर ग्राम बरगवां, खसरा नंबर 209/5 की 0.081 हेक्टेयर भूमि के लिए 24 दिसंबर 2018 को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया था। आरोप है कि यह एनओसी गलत जानकारी और भ्रामक तथ्यों के आधार पर जारी की गई, जिससे शासन और निगम को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

#### हाईकोर्ट आदेशों का गलत उपयोग

शिकायत में बताया गया है कि एनओसी जारी करते समय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के रिट याचिका क्रमांक 1286/2013 का हवाला दिया गया, जबकि यह याचिका खसरा नंबर 209/5 से संबंधित नहीं थी। इसी तरह रिट अपील क्रमांक 209/2015 का भी उल्लेख किया गया, जिसमें भी संबंधित खसरे का जिक्र नहीं था।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि संबंधित भूमि नगर सुधार न्यास की योजना क्रमांक 3 और 17 के अंतर्गत अधिग्रहित है। इस पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में यथा स्थिति किया गया था, जो अब तक प्रभावी है। इसके बावजूद एनओसी जारी करना नियमों के विपरीत बताया गया है। बताया गया कि 17 सितंबर 2018 की मेयर-इन-काउंसिल बैठक में इस प्रस्ताव पर आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं। वहीं 15 फरवरी 2019 की नगर निगम परिषद बैठक में भी इस मामले पर विरोध दर्ज हुआ, जिसके चलते अब तक अंतिम निर्णय लंबित है।

#### शासन को करोड़ों का नुकसान

मामले में यह भी सामने आया है कि पैट्रिक रॉबर्ट डन द्वारा उक्त भूमि का विक्रय सरिता अग्रवाल पति सुमित अग्रवाल निवासी आनंद विहार कॉलोनी के पक्ष में किया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब एनओसी ही अवैध है तो इसके आधार पर हुआ विक्रय भी निरस्त किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित इस भूमि का गाइडलाइन मूल्य लगभग 5 करोड़ रुपए बताया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि निगम के कुछ अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत से यह पूरा प्रकरण अंजाम दिया गया, जिससे शासन को करोड़ों का नुकसान हुआ।

#### इनका कहना है

नगर सुधार न्यास की योजनाओं से जुड़ी भूमि के विक्रय संबंधी शिकायत मिली है। इस संबंध में जांच के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही जांच रिपोर्ट के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जमीनों का सीमांकन भी कराया जाएगा।

**तपस्या परिहार, आयुक्त, नगरनिगम**

# शारदेय नवरात्रि में दर्शनार्थियों के लिए प्याऊ सेवा



**मैहर ( ब्यूरो )।** शक्तिपीठ मां शारदादेवी की नगरी मैहर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नवदीप समृद्धि जन कल्याण समिति द्वारा बंधा बैरियर में दर्शनार्थियों के लिए गुड़ व शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। नवमी के सप्तमी को वस्त्रदान, फल एवं मिष्ठान का भी वितरण किया गया और दूर दराज से आए दर्शनार्थियों को राहत दी गई। नर सेवा ही नारायण सेवा का संदेश समिति की अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति सिंह व नागेंद्र सिंह ने दिया। जो हमेशा ही सामाजिक कार्यों में सहयोग करती हैं। मां शारदा की पावन नगरी मैहर में पुण्य के कार्य कर वह अपने को सौभाग्य मानती हैं।

# रामनवमी में निकाली शोभायात्रा, जय श्रीराम के नारों से गूंजा शहर



**मैहर( ब्यूरो )।** रामनवमी के पावन अवसर पर मां शारदा की नगरी मैहर में बड़ा अखाड़ा से भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। यह शोभायात्रा बड़ा अखाड़ा के संत सीताबल्लभ शरण जू महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित की गई जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा बड़ा अखाड़ा से प्रारंभ होकर किला चौक, पुरानी बस्ती, रहीम चौराहा, चौरसिया मोहल्ला, शारदा टॉकीज, घंटाघर, कटरा बाजार, काली मांता चौक और स्टेट बैंक चौराहा होते हुए चंडीदेवी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां, भक्तिमय भजन और ढोल नगाड़ों की गूंज ने पूरे शहर को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, देवेन्द्र पांडेय, सत्यभान सिंह, महेश दरियानी, कुलदीप तिवारी, महेश तिवारी, सूर्यप्रकाश चौरसिया, विश्वनाथ सिंह तिवारी, दिनेश सावलानी, जवाहर संतानी, मनोज चौरसिया, संजय जादवानी एवं राजू पटेल सहित काफी गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# सोशल मीडिया में दोस्ती के बाद नाबालिग से दुष्कर्म

### पुलिस ने गुना से दबोचा पाक्सो एक्ट का आरोपी

**कटनी ( ब्यूरो )।** सोशल मीडिया से हुई दोस्ती के बाद नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गुना से गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि मामले की शुरुआत 1 अगस्त 2025 को हुई थी, जब कटनी-पन्ना मोड़ निवासी एक महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को गणेश चौक से कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2)के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पीड़िता सोशल मीडिया के माध्यम से गुना निवासी एक युवक के संपर्क में थी। पुलिस ने बालिका को गुना से बरामद किया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि आरोपी 21 वर्षीय नीतेश धाकड़ ने उसे शादी का झांसा देकर प्रेमजाल में फंसाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस की भनक लगते ही आरोपी बालिका को लावारिश छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 87, 64(1), 64(2) और पाक्सो एक्ट 3, 4, 5, 6 की बढ़ोत्तरी की। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी राखी पाण्डेय ने एक विशेष टीम गठित की। साइबर सेल और मुखबिरों की मदद से सूचना मिली कि आरोपी गुना लौट आया है और एक कारखाने में दिहाड़ी मजदूरी कर रहा है। पुलिस टीम ने गुना के इंडस्ट्रियल एरिया में दबिश दी और स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी नीतेश धाकड़ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कटनी न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

कार्यवाही में कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे, उप निरीक्षक नेहा मौर्य, सहायक उप निरीक्षक प्रहलाद पैकरा, सहायक उप निरीक्षक विजय गिरी, प्रधान आरक्षक सूर्यकांत, वीरेंद्र सिंह, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, आरक्षक दीपक तिवारी, दिनेश सेन, मोहन मंडलोई, मंसूर हुसैन, साइबर सेल आरक्षक शुभम गौतम एवं थाना कैंट जिला गुना के आरक्षक सूर्यभान जाट की अहम भूमिका रही।

### अधिवक्ताओं के लिए कक्ष निर्माण हेतु 5 लाख रुपए स्वीकृत



**कटनी ( ब्यूरो )।** जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कल राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा से मुलाकात कर जिला अधिवक्ता संघ कटनी में महिला अधिवक्ताओं के लिए पृथक कक्ष एवं बैठक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग रखी। मुलाकात के दौरान महिला अधिवक्ताओं को बैठने एवं कार्य करने के लिए समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता से सांसद को अवगत कराया गया। मांग को गंभीरता से लेते हुए राज्यसभा सांसद श्री तंखा ने तत्काल 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। राशि स्वीकृत होने पर जिला अधिवक्ता संघ तथा महिला अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद श्री तंखा के प्रति आभार जताया।

# श्रीराम चल समारोह शनिचरी की भव्य शोभायात्रा संपन्न

**सागर( ब्यूरो )।** राम नवमी के पावन अवसर पर आज दिनांक 27 मार्च 2026 को शनिचरी क्षेत्र के प्राचीन एवं ऐतिहासिक श्रीराम चल समारोह द्वारा भव्य शोभायात्रा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुई। शोभायात्रा निर्धारित मार्ग से होते हुए नगर के प्रमुख स्थलों से निकली, जहां विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा एवं स्वागत के साथ भगवान श्रीराम का अभिनंदन किया गया। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण, जय श्रीराम के उद्घोष एवं आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।



चल समारोह में शेर नृत्य दल, भव्य झांकियां एवं भगवान श्रीराम की दिव्य पालकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। पालकी में विराजमान भगवान श्रीराम के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के नागरिकों, धर्मप्रेमी बंधुओं एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली, यह आयोजन हिंदू समाज के बैनर तले आयोजित किया गया जिससे आयोजन अत्यंत सफल एवं ऐतिहासिक बन गया।

# आयरा खान ने नर्सरी क्लास में किया टॉप




**मैहर ( ब्यूरो )।** मिनी लैंड एकेडमी हायर सेकेंड्री स्कूल मैहर में नन्हे बच्चों की प्रतिभा और उनकी मेहनत का परिणाम सामने आया है। स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही स्कूल परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। नर्सरी क्लास की छात्रा आयरा खान ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 99:99: प्रतिशत अंक हासिल कर क्लास में टॉप किया है। आयरा खान की इस बड़ी उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने उन्हें लिटिल स्टार के खिताब से नवाजा है। आयरा खान के पिता पत्रकार आदिल खान और मांता श्रीमती अंजुम आदिल ने अपनी बेटी की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्कूल के शैक्षणिक वातावरण की सराहना की। क्लास शिक्षिका ज्योति उरमलिया ने बताया कि आयरा पढ़ाई में शुरू से ही बहुत होनहार और जिज्ञासु रही है।

### मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना का उद्देश्य आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना-विधायक बिसाहूलाल सिंह

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना का उद्देश्य आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। मध्य प्रदेश सरकार विशेष पिछड़ी जनजाति के अंतर्गत चिन्हित जनजातियों के उत्थान एवं स्वरोजगार के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं के माध्यम से समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में सुधार लाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय विशेष पिछड़ी जनजाति योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को भैंस का वितरण किया जा रहा है।

उक्त बातें शनिवार को क्षेत्रीय विधायक अनूपपुर बिसाहूलाल सिंह अनूपपुर जिले के ग्राम हर्री में आयोजित भैंस इकाई वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दुधारू पशु प्राप्त होने से बैगा जनजाति के लोगों को स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे और समाज की मुख्यधारा में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने सभी हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में विधायक द्वारा मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के अंतर्गत बैगा जनजाति के 10 पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इनमें रेवालाल, कुमारी संध्या, रामप्यारे, दीनदयाल, मोहनलाल, रामकिशोर, सुखेंद्र कुमार, श्री झूला, सीता एवं रानी शामिल हैं।

# बस स्टैंड स्थित निगम स्वामित्व की तीन दुकानों में लगाया ताला

### बकाया वसूली को लेकर निगम प्रशासन की कार्यवाही

**कटनी ( ब्यूरो )।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति के सीमित बचे चार दिवसों में बकाया करों की वसूली को लेकर नगर निगम प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार प्रातः एक और बड़ी कार्यवाही की गई है। निगम स्वामित्व की बस स्टैंड परिसर में संचालित तीन दुकानों पर लंबे समय से कर बकाया होने के चलते कार्रवाई करते हुए ताला लगा दिया गया।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि बकाया वसूली को लेकर बस स्टैंड की जिन तीन दुकानों में कार्यवाही की गई है उनमें दुकान नंबर 62 के आवंटी पर अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक कुल 16 हजार 989 रुपये बकाया थी। इसी प्रकार दुकान नंबर 9 के आवंटी पर अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक की किराया राशि 17 हजार 866 रुपये जमा नहीं की जा रही थी। जबकि दुकान नंबर 47 के आवंटी द्वारा जनवरी 2025 से मार्च 2026 की बकाया किराया राशि 9 हजार 850 रुपये निगम कोष में जमा नहीं की गई थी।

निगम प्रशासन द्वारा संबंधित दुकानदारों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करने हेतु सूचित किए जाने तथा हाल ही में शासन द्वारा 31 मार्च तक प्रदत्त की जा रही लोक अदालत की छूट की जानकारी दिए जाने के बावजूद भी बकाया किराया राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई की गई है।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति निकट होने के कारण बकाया करों की वसूली हेतु अभियान लगातार जारी रहेगी। करदाताओं से अपील की गई है कि वे समय पर अपने बकाया करों का भुगतान कर अनावश्यक कार्रवाई से बचें।

» न्यूज कैप्सूल »

## नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने वाला आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में देहात ब्यावरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने वाले आरोपित को हिरासत में लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपित को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा।

थाना प्रभारी प्रवीण जाट ने शनिवार को बताया कि 24 मार्च को नाबालिग किशोरी ने परिजनों के साथ थाना पहुंचकर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 22 मार्च को वह घर पर अकेली थी। माता रिश्तेदारी में और पिता कार्यालय गए हुए थे। इसी दौरान आरोपित देवराज पुत्र हीरासिंह निवासी कुंडीबे थाना कालीपीठ दुकान पर आया और रतलामी सेव मांगी। बालिका द्वारा दुकान बंद होने की बात कहने पर आरोपी ने उसे बहला-फुसलाकर अपनी गर्लफ्रेंड बनने का दबाव बनाया तथा बुरी नियत से हाथ पकड़कर धमकाया। डर के कारण बालिका ने तुरंत घटना नहीं बताई। दो दिन बाद हिम्मत जुटाकर परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद थाना देहात ब्यावरा में शिकायत दर्ज की गई। पुलिस ने मौके से फरार आरोपित के खिलाफ धारा 74, 75(1)(आई), 78(2), 351(3) बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपित देवराज (25 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अपराध स्वीकार करने पर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## गाय के साथ अश्लील कृत्य करने वाला आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में कुरावर थाना पुलिस ने एक संवेदनशील और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गाय के साथ अश्लील कृत्य करने वाले युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी जितेन्द्रसिंह मावई ने शनिवार को बताया कि बंजारा मोहल्ला पीलूखेड़ी निवासी 22 वर्षीय रितेश पुत्र भंवरलाल बंजारा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि शुक्रवार की रात गांव के ही रितेश पुत्र महेश विश्वकर्मा ने सार्वजनिक रोड पर बैठी गाय के साथ अश्लील हरकत की। इस अमानवीय घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया और यह कृत्य धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाने वाला साबित हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गठित दल ने आरोपी को तुरंत हिरासत में ले लिया। मामले में पुलिस ने धारा 296(ए) एवं 299 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि ऐसे मामले में कठोरतम कार्रवाई की जाएगी, ताकि सामाजिक एवं धार्मिक व्यवस्था प्रभावित न हो।

## मप्र हाईकोर्ट के न्यायाधीश भोजशाला पहुंचे, 53 मिनट तक किया परिसर का गोपनीय निरीक्षण

**इंदौर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के न्यायाधीश शनिवार को केंद्रीय पुरातत्व विभाग के अधीन धार जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक भोजशाला पहुंचे। उन्होंने करीब 53 मिनट तक भोजशाला परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। आगामी 2 अप्रैल को भोजशाला मामले की सुनवाई से पहले इस दौरे को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और आलोक अवस्थी शनिवार दोपहर एक बजकर 52 मिनट पर भोजशाला परिसर पहुंचे। उनके साथ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी भी मौजूद रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच उन्होंने करीब 53 मिनट तक परिसर में रहकर हर हिस्से का बारीकी से मुआयना किया। इस दौरान पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने संरचना के संरक्षण के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी।

गौरतलब है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा लगभग 98 दिनों तक भोजशाला परिसर में किए गए सर्वे की रिपोर्ट उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की जा चुकी है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का भव्य आयोजन

# सतना में बॉलीबाल टूर्नामेंट 2026 का शुभारंभ, खिलाड़ियों में उत्साह

**सतना (ब्यूरो)।** पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सौजन्य से श्री व्यंकटेश मंदिर परिसर, मुख्तियारगंज में आयोजित बॉलीबाल टूर्नामेंट 2026 का शुभारंभ आज प्रातः भगवान श्री वेंकटेश की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर शहर के गणमान्य जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### श्री योगेश ताम्रकार जी, महापौर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया शुभारंभ

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्री योगेश ताम्रकार जी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस के माध्यम से प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सतना शहर खेलों की नई पहचान बनता जा रहा है और इस प्रकार के आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। डॉ. राकेश मिश्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मैहर एवं सतना जिले की दो महिलाओं की टीम वालीबाल के क्षेत्र में आना हमारे लिये गौरवान्वित करने वाला विषय है।पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ता हर दिन सक्रिय रहते हैं।यह डॉ. मिश्र से प्रेरणा लेते रहना चाहिए।

### नरेन्द्र त्रिपाठी पूर्व जिलाध्यक्ष की भावुक स्मृतियाँ

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री नरेंद्र त्रिपाठी जी ने अपने संबोधन में कहा कि वे स्वयं भी व्यंकटेश क्लब के टूर्नामेंट में भाग ले चुके हैं। आज इस आयोजन को भव्य और दिव्य स्वरूप में होते देख उन्हें अत्यंत सुखद अनुभूति हो रही है। उन्होंने डॉ. राकेश मिश्र के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।



### व्यापार मंडल का सहयोग और खेलों को बढ़ावा देने सदैव तत्पर- सतीश सुखेजा

विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास लगातार नए-नए सामाजिक एवं खेल आयोजनों के माध्यम से समाज को जोड़ रहा है। उन्होंने भविष्य में बड़े स्तर पर बॉक्सिंग टूर्नामेंट के आयोजन की भी बात कही और शहर में विकसित हो रहे खेल मैदानों के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

### खिलाड़ियों को मिला मंच, सेवा न्यास का संकल्प-रविशंकर द्विवेदी

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि संयोजक श्री रविशंकर द्विवेदी के नेतृत्व में जिले के बॉलीबाल खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएं, आकर्षक ट्रॉफी, पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने सभी अतिथियों, कोच, रेफरी, जज एवं खिलाड़ियों से खेल भावना बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि अनुशासन और समर्पण से ही खिलाड़ी अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

### दो दिवसीय रोमांचक मुकाबले-अनिल सिंह

यह प्रतियोगिता आज शनिवार प्रातः से 10.30 बजे प्रारंभ होकर रात्रि 8 बजे तक चलेगी। वहीं रविवार को प्रातः 10 बजे से मैच शुरू होकर सायं 5 बजे समापन समारोह के साथ सम्पन्न होंगे। समापन अवसर पर विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं सेवा न्यास द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे।

### विशेष उपस्थिति ने बढ़ाया उत्साह

आज के कार्यक्रम में सेवा न्यास के खेल प्रमुख श्री अजय मिश्रा, श्री चंदन कश्यप, श्रीमती शीलम शेंनी, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्रीमती रश्मि शेंनी, श्री अनिल शेंनी, श्री राजेश त्रिपाठी 'नीलू', श्री विजय सिंह पटेल, श्री आनंद शुक्ला, श्री विवेक तिवारी, श्रीमती वंदना बागरी, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

साथ ही बड़ी संख्या में खिलाड़ियों एवं दर्शकों ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।


## कुंवरपुर खैजरा में हुआ वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**दमोह (ब्यूरो)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देषानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह द्वारा आज ग्राम कुंवरपुर खैजरा में प्रधान जिला न्यायाधीष सुभाष सोलंकी की अध्यक्षता में व्यापक विधिक जागरूकता षिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ आधार अपडेषन, आधार बनवाने के साथ, आयुष्मान कार्ड संबंधी सुविधाओं को आमजन मानस तक पहुंचाने हेतु पृथक से टेंट लगाकर व्यवस्था की गई थी, साथ ही विधिक जागरूकता के संबंध में न्याय गांव की चौपाल तक विषयक कार्यक्रम रखा गया। जिसमें जरूरतमंदों को कानूनी सहायता मुहैया कराने की प्रक्रिया एवं विधिक सहायता कैसे प्राप्त करें, साथ ही पीड़ित प्रतिकर योजना के विषय में जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीष सुभाष सोलंकी ने की। मंच पर सरपंच प्रतिनिधि विकास गुप्ता, डॉ सचिन यादव, चाइल्ड हेल्प लाईन से गोविंद यादव एवं चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मनीष नगाइच रहे। कार्यक्रम में बतौर वक्ता रमेष श्रीवास्तव, डिप्टी मदन जैन एवं लीगल एड डिफेंस कार्यालय से ऋचा त्रिपाठी ने कानूनी सहायता एवं पीड़ित प्रतिकर विषय पर विस्तृत जानकारी दी। संचालन विधिक सहायता अधिकारी रजनीष चौरसिया ने आभार प्रदर्षन चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मनीष नगाइच द्वारा किया गया।




## कुण्डलपुर में भगवान श्री महावीर स्वामी जी का जन्म कल्याणक महोत्सव 30 को

**दमोह (ब्यूरो)।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से जैनधर्म के चौबीसवे तीर्थंकर, वर्तमान शासन नायक, अहिंसा के अवतार भगवान श्री महावीर स्वामी जी का जन्म कल्याणक महोत्सव 30मार्च 2026 चैत शुक्ल तेरस संवत 2083 सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः प्रभात फेरी, भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धि कलश, आरती,महावीर पूजन, विधान होगा। श्रीजी का पालना झुलाया जाएगा। दोपहर में शिखर मंदिर से श्री जी की विमान शोभायात्रा निकाली जाएगी। विद्या भवन में धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से कुण्डलपुर पधारकर धर्मलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।



## श्री रामचरित मानस महायज्ञ भक्ति भाव के साथ संपन्न



**दमोह (ब्यूरो)।** श्री राम चरित्र मानस महायज्ञ ग्राम पौड़ी महाराज सिंह( चंडी चोपरा) मैं कथा वाचिका सुश्री आस्था देवी जी के सानिध्य में आयोजित किया गया था। जिसका समापन राम नवमी के पावन अवसर पर विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम कथा वाचीका सुश्री आस्था देवी जी का शाल श्रीफल से सम्मान सचिन मोदी अखिलेश मोदी द्वारा किया गया। उसके पश्चात यज्ञ में बैठे सभी यजमानों का स्वागत सम्मान अंग वस्त्र, दुपट्टा, तोलिया, एवं नेग स्वरूप नगद राशि भेंट कर सचिन मोदी अखिलेश मोदी छोटू सेठ एवं मोदी परिवार चंडी चोपड़ा द्वारा किया गया। जनपद सीईओ जबेरा रामेश्वर पटेल जी देवेंद्र सिंह शिक्षक इंद्रजीत सिंह जनपद सदस्य प्रतिनिधि अखिलेश मोदी अक्षय मोदी सुरेंद्र सैनी निजाम सिंह उमेश सेन मुख्य रूप से उपस्थित रही सभी का आभार व्यक्त यज्ञ समिति से नारायण यादव द्वारा किया गया। यज्ञ स्थल पर मोदी परिवार द्वारा आज प्रसाद वितरण कराया गया। वही शनिवार को सामूहिक भंडारे से आयोजन का समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित किया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन




**दमोह (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन की गरिमामयी उपस्थिति और दिशा निर्देशन तथा कार्यक्रम का संचालन प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत एवं सहप्रभारी डॉ. राहुल कुमार दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा जागरूकता रैली जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 30 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल संरक्षण के महत्व को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में स्लोगन प्रतियोगिता में सुषमा लोधी, निबंध प्रतियोगिता में राजकुमारी लोधी, तथा भाषण प्रतियोगिता में जेसिका (श्रंलेपां) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. जैन द्वारा विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को जल बचाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जल गंगा अभियान 2026 में सहभागिता रही।

## मानस भवन राजस्व शिविर का न्यायमूर्ति विवेक रूसिया द्वारा निरीक्षण

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा हेतु मानस भवन में आयोजित विशेष राजस्व शिविर का शनिवार को न्यायमूर्ति विवेक रूसिया द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान माननीय न्यायमूर्ति ने निगम द्वारा करदाताओं के लिए की गई सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं और शिविर के सफल संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए नगर निगम प्रशासन की सराहना की। इस गरिमामयी अवसर पर न्यायमूर्ति के साथ उच्च न्यायालय एवं जिला सत्र न्यायालय के अन्य न्यायाधीशगण भी उपस्थित रहे। शिविर स्थल पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने माननीय न्यायमूर्ति का स्वागत किया।

## मप्र के देवगढ़ में अपनेपन के मुरीद हुए फ्रांस से आए मेहमान

### होम स्टे बनने के बाद पहली बार देवग? पहुंचे विदेशी मेहमान, समां की खीर खाकर बोले- वेरी टेस्टी, गिफ्ट दी गुल्लक



**छिन्दवाडा।** मध्य प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एमपी टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से देवगढ़ में बने होम स्टे में फ्रांस से आए मेहमान अपनेपन के मरीद हो गए।

जनसम्पर्क अधिकारी नीलू सोनी ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि मप्र टूरिज्म बोर्ड ने बैक टू विलेज संस्था के साथ मिलकर देवगढ़ गाँव के होम-स्टे को अद्भुत रूप से विकसित किया है। होम-स्टे करने वाले पर्यटक यहाँ दी जा रही बेहतरीन सुविधाओं की तारीफ करते नहीं थकते। यहां पहली बार विदेशी मेहमान पहुंचे, जहां उनका भावभीना स्वागत किया गया। तीन दिन तक रूके फ्रांसीसी मेहमानों ने होमस्टे में रूककर ग्रामीण संस्कृति और कल्चर को जाना। सूदूर अंचल में बसे गांव कलकोट घूमा और भोजन के बाद समां की खीर खाकर कहा- वेरी टेस्टी।

देवगढ़ में मिले अपनेपन के मुरीद होकर गए फ्रांस के मेहमानों ने कहा कि वे अपने देश के लोगों को यहां मिली बेमिसाल खातिरदारी के बारे में जरूर बताएंगे।

### पातालकोट भी देखा

मोहखेड़ ब्लॉक के ऐतिहासिक व पर्यटन ग्राम देवगढ़ में रूके फ्रांसीसी विदेशी मेहमानों ने होमस्टे में रूककर पर्यटन स्थल का आनंद उठाया। तीन दिनों के यात्रा के दौरान उन्होंने एक दिन पातालकोट में बिताया। रातेड़ व चिमटीपुर के व्यू पाइंट से उन्होंने पातालकोट देखा और रास्ते में आदिवासी ग्रामीणों से बातचीत की।

### कलकोट में देखे आदिवासियों के घर

देवगढ़ भ्रमण के दौरान फ्रांसीसी मेहमानों ने सूदूर अंचल में बसे गांव कलकोट घूमा। यहां पर मवासी आदिवासियों के घरों में बनने वाले भोजन, उनके रहन-सहन व संस्कृति को समझा। विदेशी मेहमान कलकोट के घरों में देशी परिवेश में भोजन, तीज-त्यौहार और कल्चर जैसे विभिन्न गतिविधियों से रूबरू हुए। इसके आलावा देशी पोषक एवं पहनावा, आदिवासियों की श्रृंगार सामाग्री भी देखी।

### मक्के की रोटी और चटनी खाई

विदेशी मेहमानों ने यहां पर परंपरागत भोजन भी किया। मक्के की रोटी, टमाटर की चटनी, समां की खीर- उन्हें बेहद पसंद आई। इन मेहमानों ने गांव में बनी गुल्लक खरीदी और होम स्टे संचालक कविता देवीसिंह धुर्वे को भेंट की। खास बात यह रही कि विदेशी मेहमानों ने होम स्टे के साथ ही ग्रामीणों के घर जाकर भी भोजन किया।

## पेट्रोल पंप पर लाइन विवाद में कर्मचारी को कट्टा दिखाया, घटना सीसीटीवी में कैद



**दतिया।** मध्य प्रदेश के दतिया जिले में एनएच-44 हाईवे स्थित गोराघाट थाना क्षेत्र के रतन पेट्रोल पंप पर शनिवार सुबह लाइन तोड़ने को लेकर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक युवक ने पंप कर्मचारी के साथ गाली-गलौज करते हुए कट्टा दिखाकर मारपीट कर दी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसका वीडियो भी सामने आया है।

जानकारी के अनुसार, पंप पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारी नारायण रावत निवासी ग्राम कोटरा को एक कार सवार युवक ने पहले पेट्रोल भरने के लिए दबाव बनाया। कर्मचारी द्वारा लाइन में लगने को कहने पर आरोपी भड़क गया और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा।

विवाद बढ़ने पर आरोपी कार से कट्टा निकालकर लाया और कर्मचारी को डराने की कोशिश की। इसके बाद उसने नारायण रावत के साथ मारपीट की। हंगामा बढ़ता देख अन्य कर्मचारी मिलन रावत और मैनेजर राज सेन मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया।

घटना के बाद आरोपी ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया।

पीड़ित ने गोराघाट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी तलाश जारी है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मनकामेश्वर मंदिर में की पूजा



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा शहर के मनकामेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी के कल्याण की कामना की। साथ ही मंदिर में जनभागीदारी से कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्राचीन मंदिर हजारों लोगों की आस्था का केन्द्र है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं। इसके परिसर विस्तार से भक्तों को दर्शन और पूजा-अर्चना में सहूलियत मिलेगी। निरीक्षण के समय निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### धरती माता और भावी पीढ़ी को स्वस्थ रखने के लिए करें प्राकृतिक खेती: उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कृषि महाविद्यालय रीवा में विकसित भारत 2047 के लिए विज्ञान और कृषि में नवाचार विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती हमारी अर्थव्यवस्था का आधार है। हम वर्तमान में विपुल अन्न और फल सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं। उत्पादन बढ़ाने के लिए हमने खाद और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग किया है, जिसके कारण धरती माता बीमार हो गई हैं। धरती माता को स्वस्थ रखना और भावी पीढ़ी को स्वस्थ जीवन देने के लिए प्राकृतिक खेती इस समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है । गोपालन पर आधारित प्राकृतिक खेती से ही हमें अच्छे स्वास्थ्य की नेमत मिलेगी। हर किसान अपनी कुल जमीन के दस प्रतिशत भाग पर प्राकृतिक विधि से अनाज फल और सब्जी का उत्पादन करें जिससे कम से कम उसके परिवार को रसायन रहित पौष्टिक आहार मिल सके। सेमिनार का आयोजन कृषि महाविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, एकेएस यूनिवर्सिटी तथा श्याम दुलारे तिवारी शिक्षा एवं शोध संस्थान द्वारा किया जा रहा है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में भोपाल संभाग में जल संरक्षण और संवर्धन के लिये चल रही हैं व्यापक गतिविधियां



**भोपाल।** भोपाल संभाग के सभी जिलों में जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 का शुभारंभ हो गया है। आगामी 30 जून 2026 तक चलने वाले इस अभियान के तहत संभाग के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिये आमजन को जागरूक करने के साथ ही जल संरचनाओं की सफाई, मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य किए जा रहे हैं। भोपाल जिले में केरवा डैम में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। बैरसिया विकासखंड के ग्राम पंचायत तरावली कलां में जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें माताजी के मंदिर प्रांगण में वृक्ष पूजन किया गया और जल संरक्षण की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। भोपाल नगर निगम द्वारा शहर की 22 ऐतिहासिक बावडि़यों को संरक्षित और पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। कोलांस नदी के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। अभियान के तहत रायसेन जिले में भी मुख्यत: जन-जागरूकता अभियान, नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भू-जल संवर्धन, पहले से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई, मरम्मत, जल वितरण प्रणालियों की साफ-सफाई, राजस्व रिकार्ड में जल संग्रहण संरचनाओं को अंकित करने का कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर में 'लॉन्चपैड: इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर' का करेंगे शुभारंभ



**डीप-टेक नवाचार और स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा**

**''संकल्प से समाधान'' कार्यक्रम में भी होंगे शामिल**

**अमृत 2.0 में जल आपूर्ति परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण एवं भूमि-पूजन**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 29 मार्च को इंदौर में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान वे सिंहासा आईटी पार्क में स्थापित 'लॉन्चपैड - इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर' का शुभारंभ करेंगे, दशहरा मैदान में आयोजित संकल्प से समाधान अभियान कार्यक्रम में भाग लेंगे और अमृत 2.0 योजना में विभिन्न जल आपूर्ति परियोजनाओं का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे।

### प्रदेश में डीप-टेक नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र होगा सुदृढ़

सिंहासा आईटी पार्क में स्थापित 'लॉन्चपैड - इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर' की स्थापना आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन (आईआईटी इंदौर का टेक्नोलॉजी ट्रांसलेशन एवं रिसर्च पार्क) तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) के संयुक्त सहयोग से की गई है। इस केंद्र का उद्देश्य डीप-टेक नवाचार को प्रोत्साहित करना, उच्च प्रभाव वाले स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना, उन्नत विनिर्माण तथा उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में प्रदेश को सशक्त बनाना और उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच सहयोग को मजबूत करना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लॉन्चपैड सेंटर का अवलोकन करेंगे तथा यहां संचालित नवाचार एवं स्टार्टअप गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त करेंगे। यह केंद्र मध्यप्रदेश को डीप-टेक नवाचार आधारित विकास एवं उद्यमिता का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### संकल्प से समाधान अभियान से मजबूत हुआ जनविश्वास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दशहरा मैदान में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितलाभ वितरण करेंगे। प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संचालित इस अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में 1 लाख 44 हजार 912 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। अभियान चार चरणों में संचालित हुआ, जिसमें ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक शिविर आयोजित कर विभिन्न विभागों की 100 से अधिक सेवाओं को शामिल किया गया।समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित होने से शासन के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है।

### अमृत 2.0 के तहत जल आपूर्ति को मिलेगी मजबूती

मुख्यमंत्री अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नर्मदा जल प्रदाय योजना के चौथे चरण का भूमि-पूजन करेंगे। इस परियोजना से शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सुदृढ़ किया जाएगा तथा वर्ष 2040 तक की बढ़ती आबादी की मांग को पूरा करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगी।

### पैकेजङ्क2 - पाइपलाइन एवं टनल निर्माण

पैकेजङ्क2 के अंतर्गत वाचू पॉइंट से राऊ सर्कल तक लगभग 39 किलोमीटर लंबी 2235 मिमी व्यास की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। साथ ही लगभग 2870 मीटर लंबाई में आधुनिक तकनीक से टनल निर्माण किया जाएगा तथा राऊ सर्कल पर क्लोरीनेशन सिस्टम स्थापित कर जल की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।इस पैकेज की लागत लगभग 448.23 करोड़ रुपये है तथा कार्य 30 माह में पूर्ण किया जाएगा।

### पैकेजङ्क3 - ओवरहेड टैंक एवं वितरण नेटवर्क

पैकेजङ्क3 के अंतर्गत 20 नए ओवरहेड टैंक (15 से 35 लाख लीटर क्षमता) बनाए जाएंगे तथा 29 मौजूदा टैंकों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही लगभग 27.4 किमी फीडर पाइपलाइन, 4.7 किमी ग्रेविटी मेन लाइन और 685 किमी वितरण लाइन बिछाई जाएगी।लगभग 1.26 लाख घरेलू जल कनेक्शन तथा 1.08 लाख से अधिक वाटर मीटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे 24म7 जल प्रदाय सुनिश्चित होगा। इस पैकेज की लागत लगभग 410.50 करोड़ रुपये है और इसे 36 माह में पूर्ण किया जाएगा।

### पैकेजङ्क4 - विस्तारित जल वितरण प्रणाली

पैकेजङ्क4 के अंतर्गत 20 नए ओवरहेड टैंक एवं 46 मौजूदा टैंकों का उन्नयन किया जाएगा। साथ ही 25.82 किमी फीडर लाइन और 892 किमी वितरण पाइपलाइन बिछाई जाएगी।इस पैकेज के माध्यम से लगभग 1.21 लाख नए घरेलू कनेक्शन और 1.62 लाख से अधिक वाटर मीटर लगाए जाएंगे, जिससे जल वितरण प्रणाली को और अधिक स्मार्ट एवं प्रभावी बनाया जाएगा। इस कार्य की लागत लगभग 497.23 करोड़ रुपये है तथा इसे 36 माह में पूर्ण किया जाएगा।

### सिरपुर एसटीपी - स्वच्छता और जल पुन: उपयोग की दिशा में बड़ी पहल

मुख्यमंत्री सिरपुर क्षेत्र में 20 एमएलडी क्षमता के अत्याधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण करेंगे। लगभग 62.72 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस परियोजना के अंतर्गत 10 प्रमुख सीवर आउटफॉल को ट्रैप कर अशोधित सीवेज को सीधे तालाब में जाने से रोका गया है। परियोजना में 8.5 किमी सीवर लाइन, 5 किमी ट्रीटेड वाटर रीयूज लाइन तथा 0.5 एमएल क्षमता का ओवरहेड टैंक स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से उपचारित जल का उपयोग शहर के लगभग 25 उद्यानों, हरित क्षेत्रों एवं अन्य कार्यों में किया जाएगा।

# सिताही कुटकी, नागदमन कुटकी और बैंगनी अरहर बनेगी शान

**श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा देगा मप्र**

**जनजातीय जिलों के किसानों को होगा आर्थड़िक लाभ**





**भोपाल।** मध्यप्रदेश की तीन फसलों सिताही कुटकी, नागदमन कुटकी और बैंगनी अरहर को शीघ्र ही जी आई टैग मिलने जा रहा है। तीनों फसलों के प्रस्ताव तैयार कर परीक्षण के लिए भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री चैन्नई भेज दिए गए है। कृषक कल्याण वर्ष 2026 में राज्य सरकार श्रीअन्न उत्पादन बड़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जनजातीय बहुल क्षेत्रों में पारंपरिक कोदो-कुटकी को बचाने और उत्पादन करने के लिये किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। औषधीय गुणवत्ता और पौष्टड़िकता के कारण अब दुनिया श्रीअन्न की ओर लौट रही है। ग्लोबल मार्केट में श्रीअन्न की मांग बड़ रही है। श्रीअन्न अब किसानों के लिये आर्थड़िक लाभ देने वाली फसल बन गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना में किसानों से 1,000 प्रति क्विंटल पर कोदो कुटकी की खरीदी हो रही है। कोदो-कुटकी की खरीद के लिए 22,000 से ज्यादा किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। इन किसानों का 21,000 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। इस योजना में 16 जिलों में पहली बार खरीद की जा रही है। इन जिलों में जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, मऊगंज, सतना, मैहर, बालाघाट, सिवनी, सीधी और सिंगरौली शामिल हैं ।

सिताही कुटकी एक कम अवधि (60 दिन) वाली लिटिल मिलेट (छोटी बाजरा) की देशी किस्म है। यह वर्षा-आधारित क्षेत्रों और देर से बुवाई की स्थितियों के लिए उपयुक्त है। यह सूखे की मार, नमी की कमी, और प्रमुख कीटों (शूट फ्लाई), ग्रेन स्मट व ब्राउन स्पॉट जैसी बीमारियों का सामना करने में सक्षम है। इस प्रकार, यह किसानों को एक स्थिर पैदावार दिलाने में मददगार साबित होती है। सिताही कुटकी की मध्यम ऊँचाई और मोटे तने के कारण फसल के गिरने की समस्या नहीं रहती। इसे पहाड़ी, ऊबड़-खाबड़ तथा कमज़ोर मिट्टी वाली स्थितियों में भी उगाया जा सकता है। डिण्डोरी के बैगा तथा गोंड जनजातियों के किसानों के लिए अच्छी आय दे सकती है।


# रामभक्ति से सराबोर होगा सेंचुरियन स्काई परिसर

**रामचरितमानस, हवन और भंडारे के साथ मनेगा पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव**

**भोपाल।** राजधानी के कटारा हिल्स स्थित सेंचुरियन स्काई परिसर में विराजमान श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में 1 और 2 अप्रैल को मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव एवं हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में रामभक्तों के लिए रामचरितमानस पाठ, हवन-पूजन, भंडारा और महाआरती जैसे कई आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 1 अप्रैल को प्रात: 9 बजे श्री रामचरितमानस पाठ से होगा। भक्तजन भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबकर मानस की चौपाइयों और दोहों का श्रवण करेंगे।

2 अप्रैल को प्रात: 10 बजे रामचरितमानस पाठ का समापन किया जाएगा, जिसके पश्चात प्रात: 11 बजे विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न होगा। हवन में क्षेत्र के श्रद्धालु परिवारों की सहभागिता रहेगी और विश्व शांति व कल्याण की कामना की जाएगी।



धार्मिक अनुष्ठानों के बाद सायं 4 बजे से प्रसाद वितरण (भंडारा) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम का समापन रात्रि 8:30 बजे भव्य महाआरती के साथ होगा, जिसमें पंचमुखी हनुमान जी महाराज की आराधना कर भक्तगण आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से अपील की है कि वे सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस पुण्य अवसर का लाभ लें और आयोजन को सफल बनाएं।

# तीन राज्यों के युवा विधायकों का दो दिनी सम्मेलन आज से भोपाल में

**भोपाल, ब्यूरो ।** मध्य प्रदेश विधानसभा में युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन 30 और 31 मार्च,को विधानसभा के विधान परिषद हाल में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्यों मध्य प्रदेश के 18, छत्तीसगढ़ के 15 तथा राजस्थान के 22 युवा विधायक सम्मिलित होंगे। 30 मार्च को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के प्रथम दिवस 'लोकतंत्र और नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने हेतु युवा विधायकों की भूमिका' विषय पर मंथन होगा। प्रथम दिवस माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी भी युवा विधायकों को संबोधित करेंगे।

सम्मेलन के दूसरे दिन 31 मार्च को 'विकसित भारत 2047- युवा विधायकों के दायित्व एवं चुनौतियां' विषय पर मंथन होगा। इस दिन अन्य सत्रों के अलावा एमआईटी पूना के चेयरमैन डॉ. राहुल वी. कराड का संबोधन होगा।समापन समारोह में राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# छात्रों की शक्ति ही देश की सबसे बड़ी ताकत: गोविंद सिंह राजपूत

**आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए खाद्य मंत्री, विद्यार्थियों का किया उत्साहवर्धन**

**भोपाल।** आर्ट एंड कॉमर्स महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्र ही देश का भविष्य हैं और उनकी शक्ति ही देश की सबसे बड़ी ताकत है।



खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि वार्षिक उत्सव छात्रों के लिए एक विशेष अवसर होता है, जिसमें सभी विद्यार्थी एक साथ मिलकर विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। ऐसे आयोजन छात्रों के जीवन में यादगार पल जोड़ते हैं और आपसी भाईचारे तथा प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज के समय में सफलता उम्र की मोहताज नहीं रही है। आज के छात्र-छात्राएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं और देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

इस अवसर पर मंत्री श्री राजपूत ने महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्री राजपूत ने अभिभावको भी बधाई और शुभकामनाएं दी जिन्होंने अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए मेहनत की साथ ही कॉलेज प्रबंधन के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के सुनहरे भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ सुखदेव मिश्रा, प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता,भाजपा नेता नेवी जैन,प्रोफेसर अमर कुमार जैन आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ममता की छांव और उम्मीद की नई किरण: श्रीमती अनामिका जैन के सेवा संकल्प की अनकही दास्तान

भोपाल। समाज में अक्सर जिन्हें हम %विक्षिप्त% कहकर अनदेखा कर देते हैं, उनके पीछे छिपी पीड़ा और खोई हुई पहचान को वापस लौटाने का बीड़ा मंदसौर की एक बेटी ने उठाया है। संजीत (मंदसौर) की रहने वाली श्रीमती अनामिका जैन आज उन बेसहारा महिलाओं के लिए %मसीहा% बन चुकी हैं, जिनका अपना कोई ठिकाना नहीं था।

### एक छोटे से विचार से शुरू हुआ बदलाव का सफर

अनामिका जी का सेवा का सफर 17-18 साल पहले उनके पिता के साथ शुरू हुआ था। मास्टर ऑफ सोशल वर्क (स्ब्ड्ड) की पढ़ाई कर चुकी अनामिका ने जब समाज के सबसे उपेक्षित तबके-निराश्रित और विक्षिप्त महिलाओं-की स्थिति देखी, तो उनका मन पसीज गया। शुरुआत में वे सात वर्षों तक इन महिलाओं की देखरेख कर उन्हें इंदौर या उज्जैन के अनाथालयों में भेजती थीं। लेकिन कई बार




जगह की कमी के कारण जब उन्हें वहां से वापस लौटा दिया जाता, तो वह बेबसी अनामिका जी को सोने नहीं देती थी। इसी पीड़ा ने अनामिका जनकल्याण सेवा समिति विक्षिप्त आश्रय गृह की नींव रखी।

### रेवास देवड़ा रोड पर बना अपना घर

वर्ष 2018 में प्रशासन के सहयोग से उन्होंने एक शासकीय भवन (500 क्वार्टर, रेवास देवड़ा रोड) में इस आश्रय गृह की स्थापना की। यह मध्य प्रदेश का ऐसा पहला आश्रम बना, जो न केवल महिलाओं को छत देता है, बल्कि उनके पुनर्वास (Rehabilitation) पर केंद्रित है।इन महिलाओं को दवा से ज्यादा एक परिवार और प्यार की जरूरत होती है, अनामिका जी कहती हैं। उनके आश्रम में त्यौहार केवल रस्म नहीं, बल्कि खुशियों का संगम होते हैं, जहाँ इन महिलाओं को पूरी तरह पारिवारिक माहौल दिया जाता है।

### तकनीक और ममता का मेल- गूगल से मिलाते हैं बिछड़े परिवार

अनामिका जी का कार्य केवल आश्रय देने तक सीमित नहीं है। पुलिस विभाग द्वारा लाई गई महिलाओं का वे इलाज करवाती हैं और उनकी याददाश्त वापस लाने के लिए खेल-खेल में गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

ज़ सफलता का आँकड़ा- अब तक 54 महिलाओं को ठीक कर उनके अपनों से मिलवाया जा चुका है।

ज़ डिजिटल मदद- गूगल मैप्स और ऑनलाइन माध्यमों से वे उन महिलाओं के पते ढूंढती हैं जो वर्षों से अपने घर का रास्ता भूल चुकी थीं।

### चुनौतियों को बनाया ताकत- मिला रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय पुरस्कार

इस कठिन मार्ग में अनामिका जी को अपने पति का भी भरपूर सहयोग मिला। उनके कार्यों की गूंज शासन तक भी पहुंची। महिला उत्पीड़न को रोकने, बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ लड़ने और वंचितों के पुनर्वास के लिए उन्हें राज्य सरकार द्वारा रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### भविष्य का सपना- आत्मनिर्भरता का केंद्र

अनामिका जैन केवल आश्रय ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का सपना देखती हैं। वे कुष्ठ बस्ती और गाडोलिया बस्ती में स्कूल चलाने, महिलाओं की शराब छुड़वाने और विधवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने का कार्य भी कर रही हैं। उनका लक्ष्य एक ऐसा विशाल पुनर्वास केंद्र बनाना है।

# प्रकृति संरक्षण के लिए शिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण

**प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने की कला सिखाने शिक्षकों को दी गई प्रकृति शिक्षा**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित मध्यप्रदेश प्रकृति संरक्षण शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमपीटीटीएनसी 2025-2028) के अंतर्गत शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2021 में हुए कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़-26 में प्रारंभ किए गए मिशन ख्रुस्न्रश्व (लाइफ स्टायल फॉर एनवारनमेंट) के उद्देश्यों से प्रेरित यह प्रशिक्षण डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान (भोपाल) और पीसीपीसी के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। इसका लक्ष्य प्रकृति के अविवेकपूर्ण उपभोग के स्थान पर सचेत और विचारशील उपयोग को बढ़ावा देना है।

शिक्षक प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को प्रकृति संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवनशैली के संबंध में प्रशिक्षित कर विद्यार्थियों को जिम्मेदार और जागरुक नागरिक के रूप में विकसित करना है।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादक: ज्ञान सिंह बघेल।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), फोन: 9131883521, ई-मेल: janjanjagran@gmail.com **आर.एन.आई.नं. 58842/94**